UNIVERSAL
LIBRARY

OU_182287

UNIVERSAL
LIBRARY

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H81 M67S Accession No. H3237

Author मिश्र, सदल

Title सदल मिश्र ग्रन्थावली 1960

This book should be returned on or before the date last marked below.

सदल मिश्र-ग्रंथावली

(सदल मिश्र की कृतियों का सग्रह)

सम्पादक
श्रीनलिनविलोचन शर्मा

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना

प्रकाशक
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना

C
सर्वस्वत्वाधिकार प्रकाशकाधीन

प्रथम सस्करण

शकाब्द १८८२, विक्रमाब्द २०१७, खृष्टाब्द १९६०

मूल्य सजिल्द पाँच रुपये मात्र

मुद्रक
सम्मेलन मुद्रणालय
प्रयाग

वक्तव्य

'सदल मिश्र-ग्रथावली' को पाठको के सम्मुख प्रस्तुत करते हर्ष हो रहा है। परिषद् का लक्ष्य जहाँ राष्ट्रभाषा हिन्दी की समृद्धि और उसके अभाव की पूर्त्ति करना रहा है, वहाँ उसका यह भी लक्ष्य है कि हिन्दी के प्राचीन अलभ्य और दुष्प्राप्य ग्रथो का प्रकाशन कर उन्हे हिन्दी-प्रेमियो के लिए सुलभ किया जाय। इसी लक्ष्य की पूर्त्ति की दिशा मे परिषद् ने निश्चय किया कि हिन्दी के आद्य गद्य-लेखक, बिहार-निवासी सदल मिश्र की रचनाओ को एकत्र करके ग्रथावली के रूप मे प्रकशित किया जाय। उनकी रचनाओ मे 'नासिकेतोपाख्यान' नामक पुस्तक काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा से प्रकाशित तो हो चुकी थी, किन्तु उसकी प्रति उपलब्ध न थी। उनकी दूसरी पुस्तक, 'रामचरित' की प्रति सम्पूर्ण भारत मे खोज-ढूँढ कराने पर कही भी प्राप्त करना सभव न हो सका। उन्ही दिनो विश्वस्त सूत्र से पता चला कि लदन की इम्पीरियल लाइब्रेरी मे लेखक की दोनो पुस्तको की एक-एक प्रति सुरक्षित है। परिषद् ने उन दोनो की प्रतिलिपि कराने का सकल्प किया और यह भार श्रीवीरेन्द्र नारायण पर सौंपा गया, जो उन दिनो लदन मे नाट्य-कला का अध्ययन कर रहे थे। उन्होने प्रतिलिपि करने का परिषद् का आमत्रण कृपापूर्वक स्वीकार कर उसे बडी श्रद्धा और लगन से सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।

परिषद् ने उक्त ग्रथावली के सम्पादन का भार पटना-विश्वविद्यालय के हिन्दी-विभागाध्यक्ष आचार्य श्रीनलिनविलोचन शर्मा पर न्यस्त किया। सम्पादन के सम्बन्ध मे शर्माजी अपने विचार सम्पादकीय भूमिका मे व्यक्त कर चुके है। हम परिषद् की ओर से श्रीवीरेन्द्र नारायण तथा आचार्य शर्माजी का हार्दिक आभार स्वीकार करते है। व्यय-सापेक्ष्य दुष्प्राप्य अलभ्य ग्रथ को इस रूप मे सहज-सुलभ करने की दिशा मे परिषद् से जो थोडी-बहुत सेवा हो सकी, विश्वास है, सुधी पाठक-समाज और शोधकर्त्ताओ को, इसे प्राप्त कर, विशेष प्रसन्नता होगी।

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्, पटना
पौष अमावास्या, २०१७ वि०

भुवनेश्वरनाथ मिश्र 'माधव'
संचालक

भूमिका

[१]

"The earliest prose in Bihar constitutes perhaps the earliest prose in Hindi in general Of the four contemporary prose writers in Hindi, namely Sadal Miśra, Lallūlāl, Inśaallāh Khān and Sadāsukhalāl, the first belonged to Arrah and is regarded by common consent as having laid the foundation of that prose-style which came to stay Both Sadal Miśra and Lallūlāl were teachers and writers of Hindi in the Fort William College in the early nineteenth century The former wrote more chaste and well-knit prose than the latter This was not recognised or appreciated by the East India Company authorities at the time, but posterity has proved that they were wrong

The rejection of the chaste Hindi prose-style evolved by Sadal Miśra betrayed the future attitude of the alien rulers towards the language to be adopted for the courts and other official purposes "[1]

"सामान्य रूप से विचार करने पर सभवत बिहार का प्रारभिक आधुनिक गद्य हिन्दी का भी प्रारभिक आधुनिक गद्य है। हिन्दी के चार समसामयिक गद्य-लेखकों, अर्थात् सदल मिश्र, लल्लूलाल, इशाअल्ला खाँ और सदासुखलाल, मे प्रथम आरा के थे और प्राय सर्वसम्मति से उस गद्य-शैली के प्रतिष्ठापक थे, जो आगे चलकर स्वीकृत हुई। सदल मिश्र तथा लल्लूलाल दोनो ही उन्नीसवी शताब्दी के प्रारभ मे फोर्ट विलियम कालेज मे हिन्दी के अध्यापक और लेखक थे। द्वितीय की तुलना मे प्रथम ने अधिक परिमार्जित एव सुगठित गद्य लिखा। फोर्ट विलियम कालेज के तत्कालीन अधिकारियो ने इसका महत्त्व नही समझा या स्वीकार किया, किन्तु बाद की पीढियो ने यह सिद्ध कर दिया है कि यह उनकी गलती थी।

सदल मिश्र द्वारा प्रवर्त्तित परिमार्जित गद्य की उपेक्षा विदेशी शासकों के उस रुख का परिचय देती है, जिसे कचहरियो तथा सरकारी काम-काज मे व्यवहृत होनेवाली भाषा के सबध मे वे भविष्य मे अपनाने जा रहे थे।"

[२]

आचार्य शिवपूजन सहाय ने सदल मिश्र के एक भाई के वशज से उनके सबध मे ऐसे सस्मरण सुने थे, जिनसे उनके व्यक्तित्व की एक झाँकी मिल जाती है। ये सस्मरण स्वय

---

१. Bihar Through the Ages, सपादक, श्री आर० आर० दिवाकर, ओरियट लाग-मैन्स, कलकत्ता, मे हिन्दी साहित्य पर, भूमिका-लेखक द्वारा लिखित, अध्याय, पृ० ४४-४५।

आचार्यजी के सस्मरण के रूप मे श्रीबजरग वर्मा, बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्, पटना, को प्राप्त हुए थे और उन्होने इनका उपयोग अपनी एक वार्त्ता मे किया था, जो आकाशवाणी से प्रसारित हुई थी। मै श्रीवर्मा का कृतज्ञ हूँ कि उन्होने मुझे अपनी वार्त्ता की एक प्रतिलिपि देने की कृपा की थी, जिससे मै उपर्युक्त विषयक पक्तियाँ उद्धृत कर रहा हूँ।

"जो लोग प० रघुनदन मिश्र के निवास-स्थान पर जाते थे, उनके पूछने पर वे अपने दादाजी, अर्थात् प० सदल मिश्र[1] के विषय मे सुनी-सुनाई बाते कहानी की तरह कहा करते थे। जैसे, पडितजी के पहनावे के विषय मे उनका कहना था कि वे सिर पर बडा साफा, बगलबदी और घुटने के ऊपर की धोती पहनते थे—वैसी धोती, जिसे 'कच्छा' कहते है। जनेऊ केवल कुमारी कन्याओ के काते हुए सूत से स्वय बनाकर पहनते थे। गले मे बराबर पूजा की माला लटकती रहती थी। सोने के समय उसे निकालकर जपते थे। प्राय जीवन भर स्वयपाकी रहे। भोजन मे खिचडी और पुए के बडे शौकीन थे। नौकर उन्होने कभी रखा ही नही। जब दूसरो के घर जाते, तो नौकरो के माँजने पर भी बरतनो का व्यवहार उन्हे फिर धोये विना नही करते थे। कम से कम सेर आध सेर मिट्टी से तो हाथ साफ करते थे। एक लोटकी से ढके हुए एक लोटे मे भरा पानी सदा अपने साथ लटकाये फिरते। जब कही बैठते, तो पहले पानी छिडककर लोटा वही रखते और तब बैठते। अपना बिस्तर स्वय लगाते और उस पर किसी को बैठने नही देते। सोने के समय अपना लोटा खाट पर रखकर ही सोते। प्रातःकाल ईशावास्योपनिषद् और अध्यात्मरामायण का पाठ करना वे कभी न भूलते। पूजा के बाद मैदान मे चीटियो को सूजी और शक्कर बाँटना उनका नित्य का नियम था। गाय और कुत्ते उन्हे बहुत प्रिय थे। घर छोटा होने के कारण गाय बँधती, तो दूसरे के यहाँ थी, किन्तु उसकी सेवा के लिए नित्य अवकाश निकाल कर वहाँ जाते थे। गो-सेवा उन्हे इतनी प्रिय थी कि कलकत्ता मे भी उन्होने एक गाय पाल रखी थी। स्वभाव के बडे ही विनम्र थे और बोलते बहुत कम थे। अधिक समय मौन ही रहते। बराबर कुछ न कुछ लिखते रहते। मिट्टी की एक छोटी-सी दावात और कील की कलम उनका साथ कभी नही छोडती थी।

उस समय कलकत्ता मे आरा तक रेल न थी। नोट की जगह तोडे का चलन था। प० रघुनदन मिश्र कहा करते थे कि पडित जी कई वर्ष पर तोडे के साथ गगा के मार्ग से घर आते थे। नाव से सिनहा[2] उतरते। प० रघुनदन मिश्र के पिता (सदल मिश्र के अनुज) बैलगाडी और लठैतो के साथ वहाँ जाते और उन्हे आरा तक लिवा लाते।"

---

१ आचार्यजी के सस्मरण से ऐसा प्रतीत होता है कि रघुनदन मिश्र के अपने पितामह सदल मिश्र थे। भूमिका मे सदल मिश्र का जो वश-वृक्ष तथा दान-पत्र प्रस्तुत किये गये हैं, उनसे स्पष्ट है कि सदल मिश्र या तो निस्सतान थे, या मृत्यु के समय इनके कोई सतान न थी। इसकी पुष्टि उस दान-पत्र से हो जाती है, जो भूमिका के अतर्गत अन्यत्र मूल से प्रतिमुद्रित है।

२. आरा से उत्तर गगा का एक प्रसिद्ध घाट।

सदल मिश्र का यथासाध्य प्रामाणिक वंश-वृक्ष एवं जीवन-वृत्त-तालिका संक्षेप और सुविधा के लिए प्रस्तुत किये जा रहे है—



१. (क) सदल मिश्र का जो वंश-वृक्ष श्यामसुन्दर दास ने दिया है, वह अपूर्ण है। Great Men of Shahabad में सदल मिश्र पर एक लेख है, जो बहुत बाद मे लिखा गया था और जिसमें अधिक प्रामाणिक तथ्यों की संभावना की जा सकती थी, किंतु इसमें जो वंश-वृक्ष है, वह तथा अनेक अन्य बाते भ्रामक और निराधार है। प्रस्तुत वंश-वृक्ष श्रीतारिणी मिश्र, उर्फ बच्चा मिश्र, के पुत्र श्रीगंगाधर मिश्र, उर्फ लल्लन, आरा, के सौजन्य से तथा पंडित बटुकदेव मिश्र, पटना, की सहायता से प्राप्त हुआ है। दोनों ही सज्जन सदल मिश्र के वंश-वृक्ष की शाखाओं के पुष्प-फल है। इस वंश-वृक्ष की उन्ही शाखाओं को उद्धृत किया गया है, जिनसे सदल मिश्र का निकट सम्बन्ध है। पूरे वंशवृक्ष की प्रतिलिपि पं० बटुकदेव मिश्र के पास अब भी सुरक्षित है। कुछ नाम स्पष्ट नही है, उनके आगे प्रश्न-चिह्न है। अपूर्ण नाम, दूसरे स्रोतों से, कोष्ठकों मे पूर्ण रूप में दिये गये है।

(ख) शाकद्वीपीय ब्राह्मण; शाहाबाद जिलान्तर्गत ध्रुवडीहा ग्राम-निवासी; बाद मे भदवर चले गये; हसनपुर ग्राम भदवर के जमीदार से प्राप्त, बहुत दिनों तक हसनपुरा मे इनके वंशज रहे; इनके वंशज कुँवरसिह के समय में आरा के मिश्रटोला मुहल्ले मे जा बसे। द्रष्टव्य, चद्रावती अथवा नासिकेतोपाख्यान की भूमिका, श्यामसुन्दर दास।

२ मूल वंश-वृक्ष में ला० =लावल्द अनेक नामों के आगे लिखा हुआ है।

३. इनके पास सुरक्षित, इनके पूर्वज सदल मिश्र का दान-पत्र भूमिका में प्रतिमुद्रित है। यह मुझे श्रीपाण्डेय नर्मदेश्वर सहाय, एडवोकेट, पटना, के सौजन्य से प्रतिमुद्रणार्थ प्राप्त हुआ था।

रघुनदन मिश्र के एक पुत्र, राजा मिश्र, जो १९४६ मे जीवित थे और आरा मे रहते थे, के अनुसार सदल मिश्र सस्कृत के विद्वान् और कुशल अध्यापक के रूप मे प्रसिद्ध थे। धनाभाव के कारण वे पटना गये। वहाँ एक समृद्ध जमीदार के आश्रय मे वे रहने लगे और उन्हे पुराण सुनाया करते। पुराण-वाचन के समय अन्य व्यक्ति भी उपस्थित होने लगे और पटना-निवासी कुछ अँगरेज भी आकृष्ट हुए। इनमे से एक सदल मिश्र के पाडित्य तथा साधु प्रकृति से इतना प्रभावित हुआ कि उसने मिश्रजी को कलकत्ता मे ईस्ट इडिया कपनी की अच्छे वेतनवाली तथा सम्मानपूर्ण नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया और उन्हे कलकत्ता चलने को निमत्रित किया।

इसी अँगरेज सुहृद् के माध्यम से सदल मिश्र गिलक्राइस्ट के सपर्क मे आये और उन्हे फोर्ट विलियम मे नियुक्ति मिली। वहाँ प्राय पच्चीस वर्षो तक कार्य करने के बाद सदल मिश्र कलकत्ता से प्रभूत धनराशि—प्राय डेढ लाख रुपये—लेकर जहाज से सेमरिया घाट (सिनहा घाटवाली बात अधिक प्रमाणिक मानी जा सकती है) आये, जहाँ से आरा तक अँगरेज सैनिको ने उन्हे अपने सरक्षण मे पहुँचाया।[१]

डेढ लाख रुपयो की बात विश्वसनीय नही प्रतीत होती। कम से कम फोर्ट विलियम कालेज से तो वेतन, पारिश्रमिक या पुरस्कार के रूप मे इतनी रकम मिश्रजी ने कदापि अर्जित न की होगी। 'भाखा'-मुशी के रूप मे, जैसा फोर्ट विलियम कालेज के विवरणो से ज्ञात होता है, विद्वानो को प्राय ५०) प्रति मास मिलते थे, हालाँकि विवरणो मे लल्लूलालजी का तो उल्लेख है, मिश्रजी का कही प्रत्यक्ष उल्लेख भी नही है।

सदल मिश्र, यह अविश्वसनीय नही है, पर्याप्त धन लेकर आरा वापस आये होगे, क्योकि उन्होने सिगही, बयगुलफा (इसका उल्लेख राजा मिश्र ने नही किया है, श्यामसुन्दर दास ने किया है, जिन्होने कदाचित् राजा मिश्र के पूर्वजो से यह सूचना प्राप्त की होगी) तथा हसनपुरा का ११०००) मे ठीका लिया था और आरा मे एक अच्छा खासा मकान भी बनवाया था। सन् १९४३ ई० मे इसी मकान मे राजा मिश्र रहते थे (जिनके एक भाई श्यामलानद मिश्र के भी उन दिनो जीवित रहने का उल्लेख Great Men of Shahabad मे है, यद्यपि तथ्य यह है कि राजा मिश्र के भाई का नही, बल्कि एक पितृव्य का नाम श्यामलानद था)।

सदल मिश्र खेती-बारी मे अभिरुचि रखते थे और अधिक समय आरा मे सस्कृत के छात्रो के अध्यापन मे लगाते थे। वे उदाराशय थे और निर्धन छात्रो को, उनके भोजन तथा आवास की व्यवस्था करके, यथासभव सहायता पहुँचाते थे। ऐसा कहा जाता है कि स्वय बाबू कुँवरसिह ने पुन आरा छोडकर बाहर जाने से उन्हे रोका था।

---

१ Great Men of Shahabad, H D Jain College, Arrah, **नामक पुस्तक मे सदल मिश्र विषयक जो लेख है, उसमे लेखक-द्वय ने राजा मिश्र से सुनी-सुनाई बातें लिख दी हैं, जो वश-वृक्ष उन्हे प्राप्त हुआ है, वह भी भ्रामक है, उससे अधिक प्रामाणिक, यद्यपि अपूर्ण, वश-वृक्ष तो श्यामसुन्दर दास ने बहुत पहले अपने द्वारा सपादित नासिकेतोपाख्यान की भूमिका मे प्रस्तुत किया था।**

[३]

१७६७-६८ ई० मे अनुमानत जन्म।

१७८३—जॉन नार्थविक गिलक्राइस्ट का भारत मे आगमन।

१७९१—सदल मिश्र कलकत्ता गये (प्राय २४-२५ वर्ष की अवस्था मे)

१७९८—ओरियटल सेमिनरी की स्थापना और गिलक्राइस्ट की अध्यापक के रूप मे नियुक्ति।

१८००—फोर्ट विलियम कालेज की स्थापना, हिन्दुस्तानी विभाग के प्रधानाध्यापक के रूप मे गिलक्राइस्ट की नियुक्ति।

१८०३—सदल मिश्र द्वारा चद्रावती अथवा नासिकेतोपाख्यान का सस्कृत से खडी बोली मे अनुवाद।

१८०४—१८०९—सदल मिश्र कालेज मे विद्यमान।

१८०६—गिलक्राइस्ट के स्थान पर मोअट की प्रधानाध्यापक के रूप मे नियुक्ति, सदल मिश्र को अध्यात्मरामायण का खडी बोली मे अनुवाद करने के लिए पुरस्कार।

१८०९—हिन्दी और फारसी शब्द-सूची तैयार करने पर सदल मिश्र को पुरस्कार।

१८१०—"तुलसीदास के रामचरितमानस का एक सस्करण सशोधित करके छपवाया था। इस सस्करण की एक प्रति काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा के पुस्तकालय मे है।"[1]

१८३१—"१८८८ मे इन्होने ११०००) पर सिगही गॉव, बयगुलफा और हसनपुरा का ठीका लिया था।"[2]

१८३६—फोर्ट विलियम कालेज टूट गया, इसके पूर्व घर लौट गये, ऐसा अनुमान।

१८४७-४८—८० वर्ष की उम्र मे मृत्यु। "बाबू शिवनन्दन सहाय लिखते है—'सवत् १९०४ का इनके नाम का बयनामा हमारे देखने मे आया है, जो इस समय उनके पौत्र प० रघुनन्दन मिश्रजी के पास है। इसके पहले के कागजो मे भी इनका नाम है। १९०५ सवत् के एक कागज मे इनका नाम न होकर केवल इनके वशधरो का नाम देखा जाता है।' इससे यह अनुमान किया जा सकता है कि सवत् १९०४ और १९०५ के बीच मे पडित सदल मिश्र की मृत्यु हुई। इनके वशधरो का कहना है कि पडित सदल मिश्र ने ८० वर्ष की आयु पाई थी। इस हिसाब से इनका जन्म सवत् १८२४–२५ के लगभग होना चाहिए।"[3]

---

१. श्यामसुन्दर दास, भूमिका, पृ० ३।

२. उपरिवत्, पृ० ३।

३. उपरिवत्, पृ० ३।

इस दान-पत्र मे सदल मिश्र के हस्ताक्षर तथा उनके निस्सन्तान होने के स्पष्ट प्रमाण मिलते है (मूल पृथक् पृष्ठ पर)। पुरानी बिहारी भाषा का उदाहरण भी द्रष्टव्य है—

श्री 8

रोचतेयमर्थोतिय
मधर शर्मणे सम्यक्

दशषत सदल
मिश्र

गो० जवकर्ण मि
स्त्र सा कसबे
आरा

लि सदल मिश्र आगे हवेली वाग जमीन वगैर मे वदल मिश्र के लरिकन्ह के ओ सीताराम के लरिकन्ह के हम भाग लगा देल जे आरे मे गिरिवर मिश्र ओ जीरा बहू वगैरह के खरीदगी हवेली ओ हसन पूरा मे सोग्ह कठवा मे हमार लगाबल वाग से वाग ओ फागू के वाग इ सभ मेघमणि तीनो भाई लेथु एह मे मोहन तीनो भाइ के कुछ इलाका ना ही ओ आरे मे नैजू मिश्र के खरीदगी हवेली समेत साविक हवेली ओ हसनपूरा मे मोहन के लगावल सावा बिगहा मे के वाग से इ सभ मोहन तीनो भाई लेथु एहमे मेघमणि वगैरह तीनो भाइ के कुछ इलाका ना ही ओ साविक वाग मे पुराणा दुइ फेड आम ओ वदल मिश्र के लगावल एक पेड महुआ एक फेड गुलर मे ओ जहा जहा हमरा पिता के जगह जमीन वा तेह सभ मे आधा मोहन तीनो भाइ लेथु ओ आधा मेघमणि तीनो भाइ लेथु एह शिवाय हमरा दुनो वेगति का राछा जे कुछ हम र माल मताय ठहरे ओ देना पावना हमार ठहरे तेह सभ मे आधा मेघमणि तीनो भाइ ओ आधा मोहन तीनो भाई वरावर वाट लेहि कवनो वात के झगरा तकरार न करे एह अर्थे तोपवन्दी दस्ता वेज लिख देल जे वष्त पर काम आवे स० १८८८ पौष वदि प्रतिपत् मगलवारद—

गो० राजवल्लभ मि
श्र
गो० शिव प्रसाद मिश्र
सा० आरे

गो० हरप मिश्र
मा० आरे मि
श्र टोला वकल
म सदल मिश्र

शहि मेघमणि मीश्र वो वृज
मणि मिश्र वोनाथ मिश्र
सदल मिश्र बषरा लगवल शेही

१९२५ मे श्यामसुन्दर दास ने लिखा था, "ये स्वय यह भी लिखते है कि उन्होने 'दो एक सस्कृत ग्रन्थो से भाषा और भाषा सस्कृत किये।' पर वे सब ग्रन्थ अब कही मिलते नही।" वार्ष्णेय को भी, जिन्होने फोर्ट विलियम कालेज तथा आरभिक आधुनिक हिन्दी साहित्य पर प्रामाणिक शोध कार्य किये है, 'अध्यात्मरामायण' का अनुवाद सुलभ नही हुआ और उन्होने लिखा हे, 'सदल मिश्र की यह रचना दुर्भाग्यवश अभी तक अप्राप्य है।' प्रस्तुत सदल-मिश्र-ग्रन्थावली मे सदल मिश्र ने सस्कृत से जो दो भाषानुवाद किये, अर्थात् 'नासिकेतोपाख्यान' और अध्यात्मरामायण का अनुवाद 'रामचरित्र' वे एकत्र प्रकाशित हो रहे है—पहला तो श्यामसुन्दर दास के द्वारा सम्पादित और प्रकाशित था ही। सदल मिश्र द्वारा सपादित रामचरितमानस का उल्लेख श्यामसुन्दर दास ने किया है और वार्ष्णेय द्वारा सगृहीत विवरणो मे नक्लियात-इ-लुकमानी के अनुवाद मे सदल मिश्र ने भी योग दिया था, इसका उल्लेख है, जैसा इस भूमिका मे दिये गये तालिका-विशेष से स्पष्ट है। किन्तु, आज भी सदल मिश्र ने भाषा से सस्कृतानुवाद की जो बात कही है, उसका कोई प्रमाण उपलब्ध नही है।

सदल मिश्र ने नासिकेतोपाख्यान की रचना के विषय मे स्वय लिखा हे "चित्र-विचित्र, सुदर-सुदर, बडी-बडी अटारिन से इद्रपुरी समान शोभायमान, नगर कलिकत्ता महा प्रतापी बीर नृपति कपनी महाराज के सदा फूला फला रहे, कि जहाँ उत्तम लोग बसते है औ देश देश से एक से एक गुणीजन आय आय अपने अपने गुण का सुफल करि बहुत आनद मे मगन होते है।

नाम सुन सदल मिश्र पडित जी वहाँ आन पहुँचा वो बडी बडाई सुनि सर्वविद्या-निधान ज्ञानवान महा-प्रधान श्री महाराज जान गिलक्रस्त साहब स मिला कि जो पाठशाला के आचाय है। तिनकी आज्ञा पाय दो एक ग्रथ सस्कृत से भाषा वो भाषा मे सस्कृत किए।

अब सवत् १८६० मे नासिकेतोपाख्यान को कि, जिसमे चद्रावती की कथा कही हे, देव-वाणी से कोई-कोई समझ नही सकता, इसलिए खडी बोली मे किया।"[1]

इस पुस्तक की प्राप्ति के सबध मे श्यामसुन्दरदास का यह वक्तव्य हे "सन् १९०१ मे कलकत्ते की एशियाटिक सोसायटी के पुस्तकालय मे रक्षित हस्तलिखित हिन्दी पुस्तको की जाच करते हुए मुझे पडित सदल मिश्र द्वारा अनुवादित चद्रावती अथवा नासिकेतोपाख्यान की एक प्रति प्राप्त हुई थी। उस प्रति के आधार पर उसे सपादित कर मैने नागरी-प्रचारिणी ग्रन्थमाला से प्रकाशित करवाया था।"[2]

सदल मिश्र की कृतियाँ कब लिखी गई और प्रकाशित हुई, फोर्ट विलियम कालेज से उनका क्या सबध था और इस सबध मे कालेज के अधिकारियो की हिन्दी विषयक नीति कहाँ तक प्रति-

---

१ श्यामसुन्दर दास द्वारा सपादित सभवत प्रथम सस्करण की प्रतिलिपि, ब्रिटिश म्यूजियम लन्दन मे श्रीवीरेन्द्र नारायण द्वारा कृत और परिषद् को प्रेषित।

२ श्यामसुन्दर दास, षष्ठ सस्करण, सवत् २००७ वि० की भूमिका, पृ० १।

विदित है, इन तथा अन्य प्रसग-प्राप्त बातो पर यहाँ कुछ विस्तार से विचार कर लेना असमीचीन न होगा।

१९ अगस्त, १८०३ को गिलक्राइस्ट ने फोर्ट-विलियम कालेज की कौसिल के विचारार्थ एक पत्र लिखा था—इसके पूर्व उन्होने इस सबध मे और भी पत्र लिख थे—जिसमे उन्होने "लोकप्रिय हिन्दुस्तानी भाषा का अध्ययन सरल बनाने और भारतवर्ष मे प्रचार तथा प्राचीन हिन्दुस्तानी रचनाओ के आधार पर निश्चित सिद्वात स्थिर करने की दृष्टि से हिन्दुस्तानी विभाग मे तैयार या तैयार हो रही चवालीस पुस्तको की सूची"[1] प्रेषित की थी और उन्हे पुरस्कार देने की सिफारिश की थी। यह सिफारिश कौसिल को मान्य नही हुई, क्योकि वेतनभोगी विद्वानो को अथवा अपूर्ण रचनाओ के लिए पुरस्कार देने के पक्ष मे कौसिल नही थी। इस सूची मे अन्य पुस्तको के साथ नक्लियात-इ-लुकमानी और चन्द्रावती भी सम्मिलित है, जिनमे से पहले को अन्य विद्वानो के साथ, और दूसरे को स्वय ही सदल मिश्र ने अनूदित किया था। सूची के वे अश यहाँ उद्धृत है, जिनका सबध सदल मिश्र से है—

हिन्दुस्तानी रचनाएँ नाम	छप जाने के बाद के अनुमान				ग्रथकर्त्ता	विशेष
	बडे चौ-पेजी पृ०	छोटे चौ-पेजी पृ०	अठपेजी पृष्ठ	पुरस्कार		
(जो छप चुकी है)						
"						
"						
"						
नक्लियात-इ-लुकमानी	—	—	३००	६००	तारिणीचरण मित्र, मौलवी अमानत उल्लाह, सदल मिश्र पडित, मीर बहादुर अली, मीर शेर अली अफसोस, श्री लाल कवि और गुलाम अशरफ	इन अनुवादको मे से केवल पहले तीन पारिश्रमिक पाने के विशेष रूप से अधिकारी है, क्योकि बगाली अरबी और सस्कृत का भार इन्ही के ऊपर पडा। और, वह भी तारिणीचरण के ऊपर सबसे अधिक।
"						
"						
"						
"						
"						
"						
"						
"						
"						
"						
"						
चद्रावती	—	—	१५०	६०	सदल मिश्र	

१. फोर्ट विलियम कालेज (१८००—१८५४ ई०), डा० लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय युनिवर्सिटी, इलाहाबाद, स० २००४ वि०, पृ० ५८।

२. उपरिवत्, पृ० १८५, १८८।

गिलक्राइस्ट ने २३ फरवरी, १८०४ को कालेज-कौसिल के मत्री के नाम अपना त्याग-पत्र भेजा और वह २६ फरवरी, १८०४ की बैठक मे स्वीकृत हुआ। गिलक्राइस्ट के बाद प्रथम सहायक कैप्टन मोअट स्थानापन्न प्रोफेसर की हैसियत से काम करने लगे थे। "९ मई, १८०४ को जेम्स मोअट ने कालेज-कौसिल के मत्री, चार्ल्स राथमैन, के नाम लिखे गये पत्र मे हिन्दुस्तानी विभाग के लिए, 'भाखा'-मुशी लल्लूलाल और सदल मिश्र पडित की उपस्थिति अनावश्यक समझी। उनका यह पत्र कौसिल की ११ जून, १८०४ की बैठक मे पेश हुआ और १ जुलाई, १८०४ मे उन्हे वेतन मिलना बन्द हो गया। दूसरे शब्दों मे, वे कालेज से अलग कर दिये गये। किन्तु 'भाखा'-ज्ञान की आवश्यकता कालेज मे बराबर हुआ करती थी। इसीलिए कालेज कौसिल ने १७ अक्टूबर, १८०४ की बैठक मे, जिसमे ब्यूकैनैन, हारिगटन और कोलब्रुक उपस्थित थे, लल्लूलाल (श्री लाल कवि) और सदल मिश्र को फिर कालेज मे ले लिया, और पिछली जुलाई के बाद का वेतन भी उन्हे दे दिया, क्योंकि वे जुलाई से ही रक्खे समझे गये। "[1]

"'रामायण' की प्रतिलिपि करने के सम्बन्ध मे कौसिल ने १८ नवम्बर, १८०५ की बैठक मे सदल मिश्र पडित को छब्बीस रुपये आठ आने दिये। और १७ मई, १८०६ की बैठक मे कौसिल ने सस्कृत की 'अध्यात्मरामायण' का खडी बोली मे अनुवाद करने पर उन्हे तीन सौ रुपये देने का प्रस्ताव स्वीकार किया। सदल मिश्र की यह रचना दुर्भाग्यवश अभी तक अप्राप्य है।[2]

२७ मई, १८०९ की बैठक मे कौसिल ने 'हिन्दी' और फारसी शब्द-सूची का अनुवाद करने पर सदल मिश्र को पचास रुपये दिये।"[3]

सभवत १८११ मे विलियम हटर, मत्री, कालेज-कौसिल, ने कौसिल को एक पत्र भेजा था, जिसमे उन ग्रन्थों की सूची थी, "जिनमे वे 'हिन्दुस्तानी डिक्शनरी' तथा उसके परिशिष्ट भाग की रचना करने मे सहायता ले रहे थे।"[4] इस सूची[5] मे कुल ४३ पुस्तको के नाम है। ३०वी पुस्तक का इस प्रकार उल्लेख है—"सदल मिश्र पडित 'रामचरित्र' (पूर्वी सस्कृत से)।"

'रामचरित्र' 'अध्यात्मरामायण' का अनुवाद है। 'पूर्वी सस्कृत' से क्या तात्पर्य है, स्पष्ट नही है।

फोर्ट विलियम कालेज के तत्त्वावधान मे गिलक्राइस्ट (१८००-१८०४), अथवा उनके स्थान पर हिन्दुस्तानी प्रधानाध्यापक के रूप मे नियुक्त होनेवाले मोअट (१८०६-१८०८), टेलर (१८०८-१८२३), प्राइस (१८२३-१८३०) आदि अन्य विदेशियो के द्वारा हिन्दी-गद्य

---

१ फोर्ट विलियम कालेज (१८००-१८५४ ई०), पृ० ६५।

२. उपरिवत्, पृ० ७५।

३. उपरिवत्, पृ० ९९।

४ उपरिवत्, पृ० १०३।

५ उपरिवत्, पृ० १९७ (पूरी) सूची के लिए।

का कोई 'हित-साधन' नही हुआ। "वास्तव मे हिन्दी गद्य तो फोर्ट विलियम कालेज से बाहर नव-युगीन परिस्थितियो के प्रभावातर्गत स्वतत्र रूप से विकसित हो रहा था।"[1]

"लल्लूलाल तथा अन्य 'भाखा'-मुशियो के प्रतिकूल सदल मिश्र ऐसी भाषा प्रवर्तित कर रहे थे, जो प्रकृत्या उर्दू से भिन्न होने के कारण स्वतत्र अस्तित्व की अधिकारिणी थी और वह हिन्दुस्तानी के नाम पर खप नही सकती थी। इसी का परिणाम था कि कलकत्ते से बाहर भी यदि हिन्दी ग्रन्थो की आवश्यकता होती थी, तो लल्लूलाल के ग्रन्थ ही भेज दिये जाते थे। सदल मिश्र के 'नासिकेतोपाख्यान' का, सिवाय एक सूची के, और कही उल्लेख नही मिलता। न तो कालेज के पाठ्य-क्रम मे उसका जिक्र है और न कही बाहर भेजी जानेवाली पुस्तको मे। जून १८२५ मे आगरा और दिल्ली की सरकारी पाठशालाओ को भेजी जानेवाली पुस्तको मे 'प्रेमसागर', 'बैताल-पच्चीसी', 'सिहासनबत्तीसी', 'माधोनल' आदि पुस्तको के नाम तो है, किन्तु 'नासिकेतोपाख्यान', का कही नाम नही है। बाद को ओर भी कई बार पुस्तके बबई और मद्रास की सस्थाओ को भेजी गई। 'नासिकेतोपाख्यान' को यह सौभाग्य कभी प्राप्त न हुआ। कालेज तोड देने के बाद बोर्ड आव एग्जामिनर्स ने जो पाठ्य-क्रम प्रस्तुत किया, उसमे भी 'नासिकेतोपाख्यान' को स्थान न मिला। हॉ, फोर्ट विलियम कालेज और उसकी स्थापना से पहले ईस्ट इडिया कपनी के विज्ञापन-विभाग ने नागरी टाइपो का निर्माण किया, विराम-चिह्नो का प्रयोग किया और कोष तथा अनेक पुस्तके छापेखाने मे छापकर प्रस्तुत की, और इस प्रकार, अप्रत्यक्ष रूप से, प्रेस जैसे वैज्ञानिक साधन का गद्य के साथ सबध स्थापित कर, उन्होने उसके विकास का एक प्रमुख कारण ला उप-स्थित किया और हिन्दुस्तानी भाषा का व्याकरण निर्मित किया, वह भी अँगरेजी व्याकरण के अनुकरण पर। इस सबके लिए हिन्दी-भाषा-भाषी उनके आभारी रहेगे। तुलसीदास जी के ग्रथ भी सभवत सबसे पहले फोर्ट विलियम कालेज के सरक्षण मे ही मुद्रित हुए थे।"[2]

अतिम दिनो मे भी (१८३८–१८५४) कालेज के "पुराने क्रमानुसार ग्रथ-रचना भी होती रही। किन्तु नवीन ग्रथो का निर्माण बहुत कम हुआ। हिन्दी गद्य-ग्रथ की रचना तो लल्लू-लाल और सदल मिश्र के बाद फिर हुई ही नही। केवल प्राचीन ग्रथ ही बार-बार छपते रहे। "[3]

"कालेज के पठन-पाठन और उसकी भाषा-नीति की दृष्टि से जान नार्थविक गिलक्राइस्ट के ग्रथ ही विचारणीय है, क्योकि मोअट, टेलर और प्राइस मे से टेलर और प्राइस के कोषो के अतिरिक्त उनकी किसी ऐसी कृति का उल्लेख नही मिलता जो हमारे विषय से सबध रखती हो। वास्तव मे ग्रथ-रचना की दृष्टि से गिलक्राइस्ट के अतिरिक्त अन्य किसी प्रधानाध्यापक का नाम उल्लेखनीय भी नही है। "[4]

---

१. फोर्ट विलियम कालेज (१८००–१८५४ ई०) पृ० १४२।

२ उपरिवत्, पृ० १४२।

३ उपरिवत्, पृ० १५१।

४. उपरिवत्, पृ० १६६।

“लल्लूलाल और सदल मिश्र की रचनाओ के नाते हिन्दी-साहित्य के इतिहास मे फोर्ट विलियम कालेज का उल्लेख होना तो आवश्यक है, कितु हिन्दी भाषा और गद्य-साहित्य के विकास या उन्हे एक कदम और आगे बढाने की दृष्टि मे उसका कोई महत्त्व नही है । कालेज से ‘हिन्दुस्तानी’ या उर्दू गद्य को प्रोत्साहन मिला, न कि हिन्दी गद्य को । जो कार्य कैरे ने बँगला के लिए किया, वह कार्य किसी ने हिन्दी के लिए न किया । हाँ, कोष, व्याकरण, टाइप, विराम-चिह्न आदि आधुनिक विषयो के सूत्रपात की दृष्टि से कालेज आधुनिक भारतीय भाषाओ के इतिहास मे चिरस्मरणीय रहेगा ।”[1]

[४]

नासिकेतोपाख्यान प्रचलित पौराणिक आख्यान है । उसका शाब्दिक हिन्दी अनुवाद सहित सस्करण सुलभ है ।[2] सदल मिश्र ने ऐसे अनुवाद या भाषा-टीका से भिन्न मूलानुसारी, कितु स्वतत्रप्राय, हिन्दी रूप प्रस्तुत किया है, यह कहना उचित होगा । सदल मिश्र ने अपनी पुस्तक का एक शीर्षक ‘नासिकेतोपाख्यान’ भी रखा है, कितु उसका मुख्य शीर्षक रखा है ‘चद्रावती’ । यह शीर्षक कदाचित् उस नवीनता का परिचायक है, जिसके फलस्वरूप तुरत बाद के युग मे हिंदी के अनेक उपाख्यानो—उपन्यासो—के नाम उनकी नायिकाओ के नामो पर रखे जाने लगे । शीर्षक से आभासित यह नवीनता रूपान्तरण की शैली मे भी सहज निर्देश्य है । आगे उदाहरण-स्वरूप एक अश मूल तथा रूपान्तर मे, इसे ही ध्यान मे रखते हुए, उद्धृत है ।

नासिकेतोपाख्यान (३–९)—

“जनमेजय उवाच—

पृच्छामि ते महाप्राज्ञ सर्वशास्त्रविशारद ।।
कथयस्व कथा दिव्या सर्वपापप्रणाशिनीम् ।।
या श्रुत्वा सर्वपापेभ्यो मुच्यते नात्र सशय ।।३।।

वैशम्पायन उवाच—

श्रूयता राजशार्दूल कथा पौराणिकी शुभाम् ।
शृण्वन्तु ऋषय सर्वे ये चान्ये तपसि स्थिता ।।४।।
कश्चिदासीत्पुरा राजन्नृषि परमधार्मिक ।
उद्दालक इति ख्यातो ब्रह्मपुत्रस्तु तापस ।।५।।

---

१ फोर्ट विलियम कालेज (१८००–१८५४ ई०), पृ० १७२ ।

२ मेरे सामने भार्गव पुस्तकालय, वाराणसी, से प्रकाशित जो सस्करण है, उसकी भाषा-टीका माधवप्रसाद व्यास की है ।—स०

वेदवेदाङ्गतत्त्वज्ञ स्मृतिसिद्धान्तपारग ॥६॥
तस्याश्रमपद रम्यमृषिभिर्मुनिभि श्रितम् ।
नानाद्रुमलताकीर्ण नानापुष्पोपशोभितम् ॥७॥
हसै कारण्डवैश्चैव चक्रवाकैश्च शोभितम् ।
सेव्यमान खगानीकैर्महिषैर्गवयैर्मृगै ॥८॥
आगतश्चाश्रमे तस्य पिप्पलादो महामुनि ।
तमागत तथा दृष्ट्वा आतिथेय चकार स ॥९॥"

प्रचलित मूल पौराणिक कथा के उद्धृत अश का तुलनीय अनुवाद इस प्रकार है—

"एक दिन एक समय राजा जनमेजय गगा के तीर पर बारह बरस यज्ञ करने को रहे। एक दिन स्नान-पूजा करि ... बहुत सा दान दे देवता-पितरो को तृप्त करके ऋषि और पडितो को साथ लिए वैशम्पायन मुनि पास जा दडवत् कर खडे हो हाथ जोड कहने लगे कि महाराज आप वेद पुराण सब शास्त्र के सार जाननिहार तिस पर व्यास मुनि के शिष्य सब योगियो मे इद्र समान हो। ऐसी कथा कि जिसके सुनने मे पाप कटे और कोई रोग न होय नर जन्म ससार मे अच्छा भोग अत मे मुक्ति मिले हमसे कहिए।

प्रसन्न होकर वह बोले कि हे राजा तुम बडे ज्ञानी हो। अच्छा सब पाप दूर करनेवाली पुराण की कथा कि जिसके सुनने से निस्सदेह मुक्ति होती है मै कहता हूँ। तुम ऋषि के सेवको के समेत सावधान होकर सुनो।

किसी समय मे ब्रह्मा के पुत्र ऐसे उद्दालक मुनि भए कि जिनके दर्शन से लोग पवित्र होते थे। वेद पुराण श्रुति स्मृति मे बहुत निपुण और दाता दयालु कहिए तो वैसे ही बडे सगय सब मुनियो मे श्रेष्ठ कि जिनका तपस्या ही धन था उनके सुहावने आश्रम पर कि जिनको बडे-बडे मुनि लोग नित्य आय सेवे और जहाँ नाना प्रकार के वृक्षो पर लता सब छा रही थी पिप्पलाद मुनि आन पहुँचे। देखते ही उद्दालक ऋषि उठ खडे भए। सिर नवा प्रणाम को जैसा कुछ चाहिए वैसा आदरभाव कर आसन दे बैठाया।"

'रामचरित या अध्यात्मरामायण' की रूपातरण-शैली के सबध मे भी प्राय वही बात कही जा सकती है, जो 'चद्रावती या नासिकेतोपाख्यान' के विषय मे निर्दिष्ट की जा चुकी है। यह पुस्तक अद्यावधि अप्राप्त थी और इस ग्रथावली मे सकलित होकर पहली बार प्रकाश मे आ रही है।

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् के आद्य सचालक आचार्य शिवपूजन सहाय की योजना के अनुसार, परिषद् के अधिकारियो की आज्ञा से, श्रीवीरेन्द्र नारायण ने अपने लदन के प्रवास-काल मे इण्डिया आफिस मे सुरक्षित पाण्डुलिपि से इसकी प्रतिलिपि की थी। श्रीवीरेन्द्र नारायण ने बिदु-विसर्ग का परिवर्तन किये विना प्रतिलिपि करके प्राय चित्र-प्रतिलिपि जैसी प्रामाणिक सामग्री सुलभ बनाई थी। उन्होने बडे मनोयोग से प्रत्येक पृष्ठ के नीचे सपूर्ण मूल का आधुनिक हिन्दी रूप भी दिया था, जिसका उपयोग अनावश्यक प्रतीत हुआ। मैने अप्रचलित या अस्पष्ट

शब्दो के आधुनिक रूप या अर्थ देकर ही सतोष किया है, जो वस्तुत उपर्युक्त आधुनिक हिन्दी रूपातरण मे भी प्राय नही दिये गये थे।

इस पाण्डुलिपि, जिसकी अविकल प्रतिलिपि अध्ययन के लिए सुलभ है, का अपने आप मे भी अनेक दृष्टियो से महत्त्व है। तद्युगीन वर्त्तनी, वाक्य-रचना, विराम-चिह्नो आदि के प्रयोग के सबध मे इस पाडुलिपि के विश्लेषण से लाभप्रद प्रकाश पडता है। यहाँ कुछ का सकेत मात्र किया जा रहा है। यह भविष्य मे स्वतत्र निबध का विषय वन सकता है।

इस पुस्तक के प्रस्तुत प्रथम मुद्रित सस्करण मे '०' इस चिह्न का तात्पर्य यह है कि मूल पाण्डुलिपि मे पक्ति इसके पूर्व समाप्त हो गई है। कोष्ठको मे जो विराम-चिह्न है, वे सम्पादक के द्वारा सुविधा के लिए दे दिये गये है।

(१) अधिकतर **व**, **ब** नही, पृष्ठ २८१ पर पहली बार ब।

(२) केवल **ष** (**ख** के लिए), **ख** नही, किंतु धनुष, वर्ष, ऋषि, हर्षित, हविष्य आदि मे **ष**।

(३) रूप इत्यादि मे सर्वत्र रू के बदले शब्द के मध्य या अन्त मे प्राय **रू**, **र**, किन्तु अरु, सारा इत्यादि मे भी कही-कही यथा-प्रदर्शित कैथी 'र' का प्रयोग है।

(४) **ड** नही।

(५) **ण** प्रयुक्त, किंतु पाषा**न**, पाषा**ण** नही।

(६) ध्वनि-विशेष के तुरत बाद उसी ध्वनि के रहने पर बहुधा एक का लोप, उदाहरणार्थ, बालक को' के लिए 'वाल को', 'राक्षस सव' के लिए 'राक्षस व', 'अधिक कहा' के लिए 'अधिक हा', 'चैन नही' के लिए 'चैन ही', 'अधिक काम' के लिए 'अधिकाम', 'स्वभाव वश' के लिए 'स्वभाव श', तथा अनेक अन्य उदाहरण।

(७) कही-कही **ज** के बदले **य**, उदाहरणार्थ, 'काम काय'।

(८) कही-कही **य** के बदले **उ**, उदाहरणार्थ, 'आउर्वल'।

(९) (क) पृ० १३४ पर पहली बार पूर्ण विराम का चिह्न '।' प्रयुक्त। इसके पूर्व कोई विराम-चिह्न नही।

(ख) पृ० ४५३ पर पहली बार अर्ध विराम के लिए '०' यह चिह्न।

(१०) छूट के लिए प्रयुक्त चिह्न — "।

[५]

श्यामसुन्दर दास के मतानुसार हिन्दी के प्रारभिक गद्य लेखको मे 'पहला स्थान इशाअल्ला खाँ, दूसरा सदल मिश्र और तीसरा लल्लू जी लाल को मिलना चाहिए।' वास्तविकता यह है कि इशा अल्ला खाँ का गद्य उर्दू गद्य का आदर्श प्रारभिक रूप मात्र माना जा सकता है। इशाअल्ला खाँ की भाषा वैसी भाषा है, जिसका ढाँचा उर्दू का है। उसमे उर्दू-फारसी स्रोत के कुछ शब्द आ जाएँ, तो वह उर्दू बन जायगी। सदल मिश्र खडी बोली मे लिखते है, किंतु तत्सम या तद्भव शब्दो

को हटा कर अरबी-फारसी से प्राप्त शब्दो को रख देने मात्र से वह उर्दू नही हो जायगी, वह तत्सम तद्भव शब्द-राशि का अधिकाधिक भार वहन करने की शक्ति का परिचय देती है और ईषत् परिष्कार से परिमार्जित आधुनिक हिन्दी का रूप ग्रहण कर सकती है। लल्लूलाल का स्थान ठीक ही सबके बाद आता है। ब्रजभाषा और हिन्दुस्तानी के छोरो को छूने वाली उनकी भाषा उस हिन्दी को पूर्वाशित करने मे असमर्थ है, जो रूप-ग्रहण करने की दिशा मे लेखको द्वारा प्रेरित हो रही थी। इसकी झाँकी सदल मिश्र के ही गद्य मे मिलती है।

नलिनविलोचन शर्मा

विषयानुक्रमणी

भूमिका	५— १८
चन्द्रावती अथवा नासिकेतोपाख्यान	३— २९
रामचरित अथवा अध्यात्मरामायण	३१—२०३

मल्लमिश्र-ग्रन्थावली

चन्द्रावती

अथवा

नासिकेतोपाख्यान

सकल सिद्धिदायक वो देवतन मे नायक गणपति को प्रणाम करता हू कि जिनके चरण कमल के स्मरण किए से विघ्न दूर होता है औ दिन दिन हिय मे सुमति उपजती वो ससार मे लोग अच्छा अच्छा भोग बिलास कर सबसे धन्य धन्य कहा अन्त मे परम-पद को पहुचते है कि जहाँ इन्द्र आदि देवता सब भी जाने को ललचाते रहते है।

दोहा

गणपति चरण सरोज द्वौ, सकल सिद्धि की राश।
बन्दन करि सब होत हे, पूरण मन की आश ॥

चित्र विचित्र सुन्दर सुन्दर बडी बडी अटारिन मे इन्द्रपुरी समान शोभायमान, नगर कलिकत्ता महा प्रतापी बीर नृपति कम्पनी महाराज के सदा फला फला रहे, कि जहा उत्तम उत्तम लोग बसते है औ देश देश से एक से एक गुणी जन आय आय अपने अपने गुण का सुफल करि बहुत आनन्द मे मगन होते है।

नाम सुन सदल मिश्र पण्डित भी वहाँ आन पहुँचा वो बडी बडाई सुनि सवविद्या-निधान ज्ञानवान महा-प्रधान श्री महाराज जान गिलक्रिस्त साहब से मिला कि जो पाठ-शाला के आचार्य्य है। तिनकी आज्ञा पाय दो एक ग्रन्थ सस्कृत से भाषा वा भाषा से सस्कृत किए।

अब सवत् १८६० मे नासिकेतोपाख्यान को कि, जिसमे चन्द्रावती की कथा कही है, देववाणी से कोई काई समझ नही सकता, इसलिये खडी बोली मे किया। तहा कथा का आरम्भ इस रीति से हुआ --

एक समय राजा जनमेजय गङ्गा के तीर पर बारह बरस यज्ञ करने को रहे। एक दिन स्नान पूजा करि ब्राह्मणो को बहुत सा दान दे देवता पितरो को तृप्त करके ऋषि और पण्डिता को साथ लिए वैशम्पायन मुनि के पास जा, दण्डवत कर, खडे हो, हाथ जोड, कहने लगे कि "महाराज! आप वेद पुराण सब शास्त्र के सार जाननिहार, तिस पर व्यास मुनि के शिष्य, सब योगियो मे इन्द्र समान हो। ऐसी कथा, कि जिसके सुनने से पाप कटे और कोई रोग न होय, भर जन्म ससार मे अच्छा भोग, अन्त मे मुक्ति मिले, हमसे कहिए।"

प्रसन्न होकर वह बोले कि "हे राजा! तुम बडे ज्ञानी हो। अच्छा, सब पाप दूर करने-वाली पुराण की कथा कि जिसके सुनने से निस्सन्देह मुक्ति होती है, मै कहता हू, तुम ऋषि वो सेवको के समेत सावधान होकर सुनो --

किसी समय मे ब्रह्मा के पुत्र ऐसे उद्दालक मुनि भए कि जिनके दर्शन से लोग पवित्र होते थे। वेद पुराण श्रुति स्मृति मे बहुत निपुण, और दाता दयालु कहिए तो वैसे ही, बडे समर्थ, सब मुनियो मे श्रेष्ठ, कि जिनका तपस्या ही धन था, उनके सुहावने आश्रम पर कि जिसको बडे-बडे मुनि लोग नित्य आप सेवै और जहा नाना प्रकार के वृक्षो पर लता सब छा रही थी -- पिप्पलाद मुनि आन पहुचे।

देखते ही उद्दालक ऋषि उठ खडे भये। सिर नवा, प्रणाम वो जैसा कुछ चाहिए वैसा

आदर भाव कर, आसन दे बैठाया। प्रीति से हाथ पाव धोला, कुशल क्षेम वो उनके वहा आवने का कारण पूछा।

वह बोले कि हम तुम्हारी बडी तपस्या इस बन मे सुनकर आए, तैसे ही तुमको देख बहुत प्रसन्न हुए। पर बिना व्याह यह तपस्या अकारथ होती है, क्योकि स्त्री के साथ तप करके ऋषि सब सिद्धि को पहुचे। और बेद की आज्ञा से सन्तान के लिये पत्नी सो भोग करना उचित है, नही तो विस बिन क्या कधी क्रिया सिद्धि होती है। और पुत्रहीन के, देवता वो पितर इन दोनो मे कोई सन्तुष्ट नही। जग मे विसके देव पितर बहुत आनन्द होते कि जिसको कुल उपजानेवाला पुत्र होता है। वो निपुत्री को घर मे क्या सुख कि जिस बिना वह सदा अन्धकार रहता है।

इसलिए हमारी आज्ञा से और सब ऋषियो के सम्मति मे किसी से कन्या याचकर अपना बश उत्पन्न करो, नही तो यह तपस्या का परिश्रम तुम्हारा सदा ही व्यर्थ है।

उद्दालक ने उत्तर दिया की महाप्रभु तप करते हमको छियालीस सहस्र बरस बीते, स्त्री के कारण अब यो उसको त्याग दे तो महा नरक भोग होए। आप बडे हो जैसी आज्ञा करिए।

हँस के पिप्पलाद ऋषि ने कहा कि तुमको यह कहना उचित नही, क्योकि बिना सन्तान योग तप कबही फलदायक नही होता है और सन्तति के लिये स्त्री के पास जाने को अगले मुनियो ने भी आज्ञा दी है। तिसमे वह ब्रह्मचारी गिना जाता है कि जो मनुष्य ऋतु समय मे उसके पास जाता है। ब्रह्मचर्य्य ते तप भग नही होता, धर्म्मशास्त्र भी कहता है।

ऐसी साची साची बाते कहके मन मे वेद के मन्त्र जपते हुए पिप्पलाद मुनि ने फिर निकट समीप जा उद्दालक से कहा कि सन्तति के हेतु भार्य्या के पास जाने से तनिक भी दोष नही, आप स्वायभुव मुनि ने ऐसा कहा है। यह वृत्तान्त वैशम्पायन राजा जनमेजय से कहते है।

जब इतना कह पिप्पलाद वहा से विदा भए तब उद्दालक चिन्ता करने लगे कि "देखो, हमारी तपस्या मे क्या विघ्न आ पडा। कहा मेरी बुढापे की अवस्था कि एक भी केश काला नही, सो सन्तति के कारण किससे कन्या हम मागे। कौन उसको देने मे प्रसन्न होगा।

ऐसे व्याकुल होकर मन मे ठहराया कि अब तो ब्रह्मा के पास चलिए, वेही हमारी अभिलाष को पुरावेगे।

तब आस पास के ऋपियो मे पूछ ब्रह्मा के निकट गए, दूर ही से दण्डवत कर हाथ जोड लगे स्तुति करने।

उद्दालक के बचन सुन सन्तुष्ट हो वो ध्यान मे जो थे सो आख खोल पितामह बोले "कि हे ऋषीश्वर! कुशल से हो? तुम्हारे आश्रम मे मङ्गल है? और यहा आवने का प्रयोजन सुनावो।"

ब्रह्मा की बात सुन उद्दालक ने कहा कि "हा महाराज, आप के अनुग्रह से सब प्रकार से आनन्द है। मुनियो ने हमको पुत्र के लिये विवाह करने की आज्ञा दी है। इसलिए तुम्हारे शरन मे आए, हमारा मनोरथ पूरण करिए"।

सुनते ही बिधाता ने कहा कि "पहले तुमको महातपस्वी कुल उद्धार करने योग्य पुत्र होगा। पीछे राजा इक्ष्वाकु के कुल की महासुन्दरी कन्या वो पतिव्रता सब गुण भरी सो तुम्हारी

भार्य्या होगी। चित्त मे कुछ चिन्ता मत करो। हमारा कहा कभी झूठ न होगा। अपने आश्रम पर जा शिव पूजन करो"।

प्रजापति की बात सुनि चकित हो उद्दालक ने कहा कि "महाराज! आप बडे होकर ऐसी मिथ्या बात कहते हो कि जो देखने मे आई, न सुनने मे। भला, बिना भार्य्या भी किसीको पुत्र होता है?"

उनका यह बचन सुनते ही ब्रह्मा वहा से गुप्त हो गए। तब उद्दालक ने जी मे जाना कि विधि का कहा अन्यथा नही। इस आस पर वहा से ईश्वर का ध्यान करते हुए अपने आश्रम पर आए कि जहाँ चारो ओर ऋषि लोग अपने अपने जप ध्यान मे लगे थे।

राजा जनमेजय से वैशम्पायन कहते है कि हे राजा! यह बहुत अच्छी कथा है इसे कान दे सुनो।

वहा से उद्दालक स्थान पर आए फिर उसी प्रकार चित्त लगाय तपस्या करने लगे। पर दिन रात स्त्री की चिन्ता मे बहुत मग्न थे इसलिये काम से पीडित भए।

निदान एक दिन इसी ध्यान मे थे कि उनका बीज पतन हुआ। तुरन्त उसे हाथ मे ले कमल मे रख कुश मे बाध गगा मे जा छोड दिया। दैवयोग वह बहा हुआ चला सो राजा रघु की पुरी के सामने आ पहुचा।

वहा चन्द्रावती नाम उस राजा की महा सुन्दरी कन्या, जिसके लक्षणो का वर्णन न तो किया जाता है, न तो कोई वैसी देवतो की कन्या न गन्धर्व्व और नागो की देखने मे आई, न सुनने मे कि जिसके रूप को देखके जग जीतने वाले कामदेव भी मोहित होए और तीनो लोक मे ऐसा कोई नही कि उसकी आँखो के देखने से अचेत हो न गिरे। दश सहस्र राजो की कन्या दिन रात उसकी सेवा टहल मे रहती थी अपने बाप के घर मे नाना भात आनन्द बिहार किया करती। सागर मे लक्ष्मी वो तारन्ह मे चन्द्रमा समान शोभनी, सब रनिवास मे उसके चोथाई भी रूप किसीको नही कि जिसको देखकर आपस मे लोग सब कहते थे कि इसे विधि ने अपने हाथो से बनाया। कोई तो कहता था कि अरे! यह इन्द्र की अप्सरा है किसीके शाप से इहा आ पहुची। औ राजा रघु को जो पूछो तो जिनका इक्ष्वाकु के कुल मे जन्म, वेद शास्त्रो मे एक, बडे धर्मात्मा, सारी पृथ्वी का पति, काम लोभ को जीते हुए प्रजा पालने मे सदा प्रसन्न, ब्राह्मणो का भक्त, कि जिसको सत्य ही व्रत, उसके राज्य मे न तो किसीको कुछ रोग और दुख होए, हृष्ट पुष्ट सब लोग अति पराक्रमी और बडो के आगे छोटो का मरण ओ नित्य घर घर मगलचार होता था।

वैशम्पायन जनमेजय से कहते है कि हे महाराज! उस राजा की चन्द्रावती कन्या तरुण अवस्था मे सहेलियो के साथ सब दिन गगास्नान कर षटरस भोजन वो सोरहो शृगार किया करती थी।

एक दिन सखियो का सिगार कर मोतियो के हार उनके गलो मे डाल, घोडो पर चढाया। किसीके हाथ मे ध्वजा, वो किसीके छत्र, किसीके कर मे चौर। कितनी गाती थी कितनी बजाती, कितनी नाना भाति कुतूहल करती थी।

उसी समय मे ब्राह्मण सब आय आय मङ्गल वेदध्वनि और भाट विखार[1] राजा रघु के बश का बखान करने लगे। घडी भर मे वो गङ्गा के तट पर जा पहुची। वहा बहुत सा बिहार कर उन्हीके साथ जा स्नान करने लगी, कि देखती क्या है कि एक कमल का फूल सोने का सा बनाया, महा सुगन्ध, कुश से लपेटा हुआ सन्मुख बहा चला जाता है । तो बिलग बिलग कहने लगी कि देखो देखो, क्या अच्छा फूल बहा आता है, इसको कोई मुझे शीघ्र ला दो। मै जानती हू कि स्वर्ग पर से किसी देवता का वह गिर पडा है कि जिसकी छवि से गगा के दोनो ओर अब कैसे शोभायमान हो रहे हैं।

सुनते ही एक सखी ने झट ला राजपुत्री के हाथ मे दिया। वह बहुत प्रसन्न हो खोल कर ज्यो लगी सूघने, कि वह बीज जिसे उद्दालक मुनि ने उसमे रक्खा था, नाक के पथ से पेट मे चला गया। पर चन्द्रावती ने कुछ भी न जाना कि मेरे उदर मे क्या गया है और स्नान पूजा कर हर्षित हो अपने मन्दिर मे सबके सङ्ग चली आई।

पहिले मास मे तो उस कन्या को कुछ अधिक सा देह मे रूप उपजा और दूसरे मे गर्भ का लक्षण जानने मे आया। तीसरे मे पियरा मुह हो गया। चौथे मे रोए अलग अलग होने लगे, पाचवे मे कुच व नितम्ब ऐसे भारी हुए कि जिनके भार से अलसा कर किसी से कुछ बात चीत न कर सकती। छठवे महीने मे उसकी माता बडा सा पेट देख व्याकुल हो तुरन्त धरती मे गिर पडी। क्षन एक तो मूर्छित रही, पीछे कुछ एक चेत कर उठ बैठी और लगी सोचने कि क्या मै यह स्वप्न देखती हू, कि मेरी मति मे कुछ भ्रम हुआ है कि जिसका सम्भव नही सो देखने मे आया।

ऐसे विचार, फिर लगी कहने कि देखो रे भाई! दश सहस्र राजकन्या सदा इसकी रक्षा मे रहती है, तिस पर भी यह दशा हुई है! हाय! हाय! कैसा कुल मे कलङ्क हुआ। जो सुनेगा सो क्या कहेगा?

इस भाति पछिता कर उससे पूछने लगी कि अरे बेटी! यह क्या तेरी अवस्था है? सत्य बात हमसे कहो।

तब वह बोली माता! मै कुछ नही जानती हू कि कैसा चरित्र हुआ। मै बडी अभागिनी हू। अब प्राण ही त्यागना बना, क्योकि किसी प्रकार से कहू पर हमारी बात को कोई कदही साच नही मानेगा। कहा सूर्य का बश, कि जिसकी उत्तम कीर्त्ति तीनो लोक मे प्रसिद्ध है, और कहा उस कुल की हम कन्या कि जिस की जग मे अब ऐसी हँसी होगी! अपने पिता को कौन मुह दिखाऊगी। नही जानती हू कि अगले जन्म मे कैसा काम किया कि जिसका महादुखदायक यह फल आन पहुचा है। जैसी शोक सन्ताप मे अब हू वैसी त्रिभुवन मे जो ढूढो तो न कोई देवतो की कन्या, न गन्धर्व और असुरो की, न नागो की, न किसी किन्नर और मनुष्यो की होगी।

अपना पेट फाड मरो तो मर सकती हू पर आत्मघात वो दूसरे एक जीव का बध कि जो मेरे गर्भ मे है, ये दो हत्या होती है, इसलिये सो भी न कर सकती हू। कहो क्या कहती हो?

वह कहते ही पृथ्वी मे गिर पडी जैसी कोई फूली फली लता पेड पर से नीचे गिर पडे।

---

१. भिखारी। (?)

ऐसी उसको देख रानी छाती पीट कर बोली कि बेटी ! क्या जाने किसने तुमको छला कि जिससे ऐसा काम किया। अब क्या करे, कहा जाऊ औ किसको पूछू ?

इस भाति बहुत सा विलाप कर निदान वह भी धरती पर गिरी। तुरन्त सहेलिया उठाकर अनेक प्रकार से समझाने लगी।

यह वृत्तान्त सारे राज मे फैल गया। दिन रात घर घर यही चर्चा हो रही कि देखो रे भाई ! स्त्रीजन का विश्वास न करना, राजा रघु ने चन्द्रावती को लडकई से आज तक सुग्गा सा पढाया। वो वैसा ही मानते रहे है। व्रत नियम पूजा ध्यान मे उसकी लगन देखकर जी मे महाराज बहुत प्रसन्न थे कि यह कोई देवी है कि सुतपस्या से चूक के हमारे यहा आ जन्मी है। इसलिये दश सहस्र अपने जात भाई की कन्या उसकी सेवा मे रखी थी वो बेटो से भी अधिक प्यार करते, वो निपट भोली सी जानते थे, और ऐसा नेम आचार कि सब दिन भली भाति से गङ्गा स्नान वो ठाकुर की पूजा, पुराणो का श्रवण होता है, और विवाह के लिये कितना हठ हुआ पर यह अभागी ने न माना, वो कुकर्म्म किया तो ऐसा कि जिससे राजा रघु के कुल मे कलङ्क लगा।

कोई तो लगा कहने कि हे भगवान ! सब दो पर लडकी नही कि जिससे लोक मे हँसी होय।

वहा रानी उनके कहने मे दो एक दिन तक उस बात का छिपाए रही। जब जाना कि अब लोगो मे यही बात कानाकानी हो रही है, तब भय मे डरती कापती और नैनो से आसू ढलकाती, जैसे सोने की लता पर से मोतिया के फल झरे, कहने लगी कि महाराज, बडा अनर्थ हुआ, इसका कुछ पारावार नही। जीवदान मिले तो यह आपके आगे कहू कि जिसके सुनने से रोएँ खडे होगे।

यह सुनते ही राजा चहुक उठे क्षन एक तो ईश्वर का ध्यान किया, फिर बोले कि महारानी ! शीघ्र कहो। क्या ऐसा अनर्थ हुआ कि जिससे इतना घबरा रही हो ? मैने जीवदान दिया। इसका कारण कहो। हमारे जीते ही तुम्हारी [यह अवस्था होय। रानी बोली महाराज ! बडा अद्भुत वृत्तान्त है। आपकी कन्या को बिना पुरुषसंग के गर्भ भया है, सो यह कुल को दूषन देनेहारा और कीर्ति को नाश करनिहारा है। यह सुनि राजा क्षण भर तो चुप रहे। पीछे क्रुधित हो बोले, अरे पापिनी ! तूने यह क्या किया ? ऐसा कहके उसके वन मे छोड आने की आज्ञा दी।

यह आज्ञा पाय सेवक रथपर चढा उस रोती भई कन्या को वन मे छोड आए। उस बन मे व्याघ्र और सिह के भय से वह अकेली कमल के समान चञ्चलनेत्रवाली व्याकुल हो ऊचे स्वर से रो रो कहने लगी कि अरे विधना ! तैने यह क्या किया ? और बिछुरी हुई हरनी के समान चारो ओर देखने लगी। उसी समय एक ऋषि जो सत्य धर्म मे रत थे] इन्धन के लिये वहा जा निकले दूर ही से उसका रोना सुनके अति व्याकुल हो लगे सोच करने कि यह तो अनाथ स्त्री कोई कादती[1] है, इस महाबन मे कहा से आई ? कौन सी विपत्ति मे पडी है।

---

१. बँगला में काँदना रोने को कहते है।

तब मुनि से रहा नही गया, सो निकट चले आए और देखकर जी मे कहा कि हो न हो यह अहल्या है कि द्रौपदी, कि इन्द्र की अप्सरा तिलोत्तमा कही से भूल पडी। इसके हाथ पाव के आगे क्या कमल का फूल कि जिनके देखने से तनिक भी नही मेरी आँखे तृप्त होती है। और चन्द्रमा समान बदन, केहरि कटि, मृग का सा चञ्चल नयन, बडी बडी छाती कि जैसे सोने का दो ग्ग्ग्ग होग लाल अधर, तोते की सी नाक कि जिसके नीचे एक तिल कुछ और ही शोभा दे रहा है। इस भाति रूप देख चकित हो निदान पूछा कि कहो कहा से आई हो और क्यो इतनी आतुर हो रोती हो ?

कन्या बोली महाप्रभु ! मै राजा रघु की बेटी हू। चन्द्रावती मेरा नाम है। मुझसी अभागी दूसरी कोई नही। दश सहस्र नृपराजाओ की कन्या के बीच मे रहके कि किसी पुरुष का मुह अपने जानने मे न देखा वो नाना प्रकार के भोग बिलास छाड सदा मै ठाकुर की सेवा करती थी। न जानू कि यह गर्भ कहा से हुआ। इस कारण पिता ने देस निकाल दिया। यह सत्य बात आपके आगे कही, पर बिश्वास न कीजिएगा।

ऐसा उसका मधुर बचन सुनके ऋषि दया कर बोले कि आज से तू मेरी धर्म्म की बेटी। आवे हमारे आश्रम पर चलो। और भी मुनि लोग वहा रहते है, उनके समेत अपनी बिपत्ति काटो जब तलक अच्छा सा दिन न आवे।

मुनि की बात सुनि चन्द्रावती बोली कि हे स्वामी ! बहुत अच्छा। इस दासी पर बडी दया की जो आके दर्शन दिया। आपके अनुग्रह से सब पीडा हमारी दूर हो गई। अब तुम्हारी सेवा टहल से ससार-सागर पार हो जाऊगी।

इस प्रकार प्रार्थना कर उठ खडी भई। साथ साथ उस स्थान पर आई कि जहा सैकडो ऋषि लोग अपना अपना याग तप पूजा अर्च्चा कर रहे थे। वो कुण्ड मे क्या अच्छा निर्मल पानी कि जिसमे कमल के फूलो पर भौरे गूज रहे थे, तिस पर हस सारस चक्रवाक आदि पक्षी भी तीर तीर सोहावन शब्द बोलते आस पास के गाछो[१] पर कुहू कुहू कोकिलै कुहुक रहे थे, जैसा बसन्त ऋतु का घर ही होय।

राजपुत्री पवित्र आश्रम देख, वही सन्तुष्ट हो जी मे लगी कहने कि ईश्वर ने बडी ही दया की जो गर्भ मुझको दिया। नही तो राजभोग छाड वो पिता माता की प्रीति की डोरी तोड क्योकर इन महापुरुषो का दर्शन होता। भला ये भी अच्छा ही हुआ जो लोगो मे हमारी हँसी हुई। और अब एक चित्त हो इन मुनियो की सेवा वो योग तप करूगी वो आवागमन से छूटूगी। ऐसा विचार रहने लगी।

जब नवा महीना बीता तब सकुचा सिर झुका उसने ऋषियो से कहा कि महराज अब पूरे दिन चले आते है, इसलिये मै एक दूसरे स्थान मे जाया चाहती हू जो आराम से बालक हो वो यह यज्ञशाला न अशुद्ध हो।

तब तपस्वियो ने तुरन्त किसी बन मे, कि जहा घने-घने पेडो पर लता पसर रही थी, उनके नीचे कोठरी सा बना हुआ एक स्थान बता दिया।

---

१. बँगला मे वृक्ष को गाछ कहते है।

प्रसन्न हो वहा वह गई। एक दिन ज्यो लगी उसे वेदना होने, त्योही कुज के द्वार पर जा सूर्य्य के ओर सन्मुख हाथ जोड खडी हो लगी कहने कि हे त्रिलोकनाथ! तुम सबही के अन्तरयामी हो। और इस बनके देवता और देवियो! तुम सब भी मेरी बात को कान दे सुनो। जो मैने स्वप्न मे भी कदही आज तक किसी पुरुष का मुह न देखा होय तो यह गर्भ जैसा ही हुआ वैसा ही निकल जाय।

इस भाति विनती कर भीतर जा बैठी और आख मूद ध्यान करने लगी। इतने मे गर्भ नाभी मे हृदय मे आया। वहा से कण्ठ मे जा नाक के पथ से महातेजस्वी सूर्य्य समान पुत्र उत्पन्न हुआ।

देखते ही चन्द्रावती बहुत आनन्दित हो तुरन्त उसे गोदी मे ले उस तपस्वी से जो साथ मे वहा लाया था पुकार कर कहा कि हे पिता! नाक मे हमको अति सुन्दर बालक हुआ। क्या नाम रखे? इस समय कैसी लगन है? वह बोले कि नाक से भया इसलिये इसका नासिकेत नाम हुआ, वो लगन से जाना गया कोई बडा ही महापुरुष योगी होगा कि जिसके आगे देवता सब भी हाथ जोडे रहेगे।

इतना कह मुनिया को बुला मङ्गल गान कराया। वैशम्पायन कहते है कि हे राजा! दस दिन के बीतने पर चन्द्रावती नहा दूध पिला लडके का घर मे सुला कर फिर ऋषियो की सेवा करने लगी।

एक दिवस उनकी टहल करते कुछ विलम्ब हुआ सो बालक जाग उठा। मारे भूख के चिल्ला चिल्ला के रोने लगा। तब वह कोप मे आकुल हो उसके निकट जा लगी कहने "अरे दुष्ट! देख, तेरे कारण मा बाप ने घर से मुझे निकाल दिया वो लोगो मे हँसी हुई। तू बेटा नही कोई बैरी आ जनमा। अब हमारी तपस्या वो मुनियो की सेवा मे बाधा करने चाहता है। इससे तेरा दूर ही होना अच्छा है।"

ऐसे कह एक घास के बोझे पर रख के उसे गङ्गा मे बहा, आप जा मुनियो को हर्षित हो फिर सेवने लगी कि जिससे थोडे ही दिन मे ज्ञान विज्ञान को पहुची। और बालक जो बहा हुआ चला, सो कुछ दूर आगे गङ्गा के तीर उद्दालक ऋषि स्नान करते थे, उनके समीप आ लगा।

देखते ही वह चकित हो चारो दिशा चितोने लगे कि किस निर्दई ने घास पर इतना बडा लडका बहा दिया है! कुछ भी उसके जी मे दया न उपजी! इतने मे ब्रह्मा की बात उनके मन मे आई कि जो पहिले पुत्र तिस पीछे तुमको स्त्री मिलेगी।

तब तुरन्त हर्ष से दूने हो वही लडके को गोदी मे उठा लिया और वेदमन्त्र से नहलाय बाहर आए। बार बार बिधि की स्तुति करने लगे कि धन्य हो पितामह, तुम्हारा कहा क्योकर झूठ होए। चलो पुत्र की चिन्ता तो गई। अब भली भाति से तपस्या करूगा जो स्वर्ग से न टलूगा।

ऐसे विचार अपने आश्रम पर पहुच पुत्र को कहा कि सुनो पूत! यह पुण्यस्थान मे नाना प्रकार के आचारो से महर्षियो को प्रसन्न, पिता की सेवा, कन्द मूल आहार करते रहो, जो इसी मे सब विद्या भी तुमको अनायास आ जायगी।

इतनी आज्ञा कर उद्दालक मुनि योग्य पुत्र पा कृतार्थ हो अपनी क्रिया मे अति सावधान भए।

वैशम्पायन राजा जनमेजय से कहते हैं, हे महाराज ! थोडे दिन बीते पर जब रघु की पुत्री का क्रोध सब मिट गया, तब पुत्र का ऐसा मोह हुआ कि जिससे शोकसागर मे डूबी चारो दिशा शून्य वो अधार ही देखने मे आया।

चौपाई

योग और तप कुछ नही भावे। रह रह नयन नीर भर आवे।।
क्योंहू क्षण भर धीर न पावे। आकुल हो हो समय बितावे।।

दिन रात रोने कलपने वो कहने लगी कि धिक्कार है मुझको जो बिन अपराध बालक को नदी मे बहा दिया। क्या मेरी तपस्या यह फलैगी कि जिसने ऐसा अधर्म किया, मनुष्य तो क्या कोई पशु भी न यह काम करेगा कि जो मैंने किया है। हाय पुत्र ! कहा गए ? तनिक भी मेरे मन से न भूलते हो। अब विना तुम्हारे मिले न तो मै कुछ खाऊगी न पीऊगी।

ऐसे विचार पुत्र के लिये आकुल हो वहा से उठ जहा तहा बाडी मो दौडी फिरती और जिस तिस बनबासियो से पूछती कि अरे लोगो ! तुम सबने इधर एक लडका तो कही नही देखा है ?

जब किसी ने कुछ भेद न बताया तब शोक सताप से अचेत हो निदान गङ्गा के तीर तीर उसे ढूढती हुई चली। सो कुछ दूर आगे बढ गई कि जहा बहुत से मुनियो के सुथरे सुथरे आश्रम थे और वोही बालक वहा गङ्गा मे नहान को आया था।

देखते ही हर्ष से सोगुनी भई वो झट उसे गोदी मे उठा वारबार मुह चूमने लगी कि कहो पुत्र किसने इतना बडा पालन के किया ? उस मुनि का कौन सा आश्रम और क्या नाम है ? मैं तुम्हारी माता हू क्यो मुझे नहीं चीन्हते हो ?

बालक बोला कि माता ! मैं उद्दालक ऋषि के स्थान मे रहता हू कि जो एही साम्हने देखती हो और वो ही हमारे पिता माता देवता गुरु है। अबही कन्द मूल लाने बाहर गए हैं।

यह बचन कह अपने आश्रम पर उसे वह ले गया और आसन दे बैठाया। पानी लाकर पाव को धो दिया वो कहा कि माता तुम यहा आराम करो, तब तक इस अग्निशाला को हम लीपते है।

सुनते ही वह बोली कि पुत्र ! तुम रहो, आज मैं ही लीपौगी। ऐसे कह उठके सारे घर को बोहार सोहार गोबरी मिट्टी पानी लाय बाहर भीतर बहुत सुन्दर लीप पोत आप गङ्गा के तीर जा बैठी।

इतने मे उद्दालक ऋषि वन से कन्द मूल ले आन पहुचे। देखते हो आश्चर्य माना कि आज तो बडी भाति से शाला लीपी गई।

निदान हँस के बोले कि पुत्र ! हम तुम्हारे भक्तिभाव से निपट प्रसन्न भए। मागो, हमसे क्या बर चाहते हो। तब नासिकेत ने कहा कि महाराज ! यह काज मैंने नही किया, मा मेरी आई है। उन्हीने आश्रम को ऐसा सोहावन किया है। उद्दालक ने पूछा कि बेटा ! तुम्हारी माता कहा है ? बुला लावो, हम देखेगे।

सुनते ही वह गङ्गातीर दौडा गया और मा से बोला कि पिता हमारे आए है, तुम्हे बोलाते है। चलो, वहा अहार कर रहो।

वो बोली कि पुत्र ! क्या अजगुत कहते हो कि जिससे लोक मे निन्दा और अन्त मे नरक होय। भला सुनो तो, पिता माता भाई गोतिया ये सब कन्यादान कर सकते है, पर पुत्र को कही नही सुना जो अपनी माता को और किसीको देता है।

वो क्योकर मै बडे कुल की कन्या, फिर तिसमे तपस्विनी, अपने से पति करू ? सो हमारे कहे से जाव, यह सब बात चीत सब बाप से कहा, वे जैसा कुछ उचित होगा सो करेगे।

तब वह उठ पिता के पास आया। देखते ही वे बोले अरे पुत्र ! अकेले ही तू चला आया, उसको क्यो नही लाया ?

नासिकेत ने कहा कि महाराज ! मैने तो कहा था, पर आप के निकट आना उनके जी मे न आया और उन्होने कहा कि सुनो पूत, मेरे यह युवा अवस्था मे मत भूलो कि जिस किसे के पास यह जाती हे। मे जवान हू सही, पर सैकडो पतिव्रता मे एक पतिव्रता वो राजा की कन्या हू, बिना व्याह तुम्हारे पिता के निकट नही जा सकती। वे भी वेद पुराण सब शास्त्रो से इसका दोष जानते होगे।

उद्दालक बोले कि अच्छा, पुत्र, जाना, बिना विवाह यहा नही आवेगी। फिर जा पूछो कि तुम कौन से राजा की कन्या हो, वा अल्पवयस मे बनवास हुआ सो क्या कारण। हम जो तुमसे जन्मे सो किस प्रकार से, इसका उत्तर ले आवो।

पिता का सन्देस फिर उसने अपनी माता को जा सुनाया। तब वो बोली कि पुत्र ! तुम्हारे पिता तो सब हमारा बृतान्त आप ही जानते होगे, क्योकि बडे सिद्ध है। तौ भी सुनो मै कहती हू।

आज काल्ह सारे पृथ्वी का पति ऐसे राजा रघु को ईश्वर ने बनाया है कि जिसक उत्तम जश देवता लोग भी स्वर्ग मे गाया करते है औ सत्र धर्म्मात्मो मे आगे वही गिने जाते है। उन्हीकी तो मै बेटी हू। चन्द्रावती मेरा नाम हे। क्या क्या सुन्दर दस सहस्र राजाओ की कन्या दिन रात हमारी सेवा मे हाथ जोडे खडी ही रहती थी। आदर भाव जो पूछो तो बेटो से भी अधिक पिता मुझे मानते थे।

एक दिन विपत की मारी हुई सहेलियो के साथ मै गङ्गा नहाने को गई। वहा एक कमल का फूल कुश से लपेटा हुआ धारा मे बहा चला आता था। बहुत सुन्दर देख एक सखी ने उसे हमारे हाथ मे ला दिया। गाठ खोल लगी जो मै सूघने सो वही उसके भीतर से कुछ दूध सा नाक के पथ से मेरे पेट मे चला गया। वो गर्भ का कारण हुआ। थोडे दिन बीते जहा तहा यह बात कानाकानी होने लगी। निदान पिता के कान मे जा पडी। सुनते ही वह आग हो गए। तुरन्त मारने की आज्ञा दी। पर मत्रियो के कहने से एक महाबन मे छोडवा दिया। दैवयोग से फिरते फिरते एक मुनि वहा जा निकले। रोती हुई मुझको देख बेटी कह अपने आश्रम पर ले जा पालने लगे, वो उन्ही के स्थान मे मेरी नाक से, पुत्र, तुम्हारा जनम हुआ, इसलिये ऋषि ने नासिकेत नाम रखा।

एक दिवस मुनियो के निकट हमको कुछ अधिक अटकाव हो गया, इसमे बार बार तुम घर मे रोने लगे। तब क्रोध की लहर जो उठी सो आकुल हो मै दौडी गई। जाते ही घास के बोझ पर रख गङ्गा मे जा तुमको बहा दिया। कितने एक दिन पीछे मोह से अचेत हो देखने के लिये फिर मै गङ्गा के तीर पर गई, वो सब ठाव ढूढती खोजती अब इहा आन पहुची हू ।

माता की इतनी बात नासिकेत ने अपने पिता को जा सुनाई। बहुत आश्चर्य मानकर वे बोले कि बडो का कहना क्या कबही झूठ होता है ! देखो, ब्रह्मा ने जो कहा सो देखने मे आया। अच्छा पुत्र ! कन्द मूल भोजन करा अपनी माता को साथ ला रखो। राजा रघु के पास कन्या याचने को मै जाता हू।

ऐसे कह वह वहा से चले सो कई एक घडी मे उनके नगर मे जा पहुचे। चारो ओर पुरी की शोभा और लोगो को अति सुखी देखते हुए बहुत प्रसन्न हो नृप के द्वार पर गए।

तुरन्त द्वारपालो ने रघु से जा कहा कि महाराज ! एक कोई ऋषि महातेजस्वी बाहर आय खडे है।

सुनते ही वे मन्त्रियो को साथ ले दौडे हुए आए। आवते ही मुनि के चरणो पर गिर पडे और हाथ पकड भीतर लेजा अपने सिहासन पर बैठाय कुशल क्षेम पूछ गङ्गाजल ले ऋषि के पाव पखार चरणोदक लिए। और जैसा कुछ चाहिए वैसा आदर मान कर हाथ जोड कहने लगे कि महाराज ! बडा अनुग्रह किया जो आके दर्शन दिया। अब हमारी सब क्रिया वो जन्म सुफल हुआ। चाहिए कि आज से मेरे राज मे सब भला दिन हुवा करेगा, क्योकि जहा तुमसे ऋषियो की दया है, वहा सदा ही आनन्द बिहार होता है। अब कहिए किस कारण से यहा आगमन हुआ, सो इस दास को सुनाइए।

ऐसी नृप की मीठी मीठी बातो से हर्षित हो बार बार आसीस कह उद्दालक बोले कि धन्य है तुम्हारी माता वो पिता कि जिनको तुमसा धर्म्मात्मा पुत्र हुआ। और स्वर्गलोक मे देवतो की कन्या दिन रात घर घर तुम्हारा गुण गाती है । तुम्हे बडा दानी जान कन्या याचने को मै आया हू। धर्म्मावतार ! वेद की विधि से हमको उसे दीजिये तो लाख गो दान किए का फल पावोगे ।

यह बात सुनके नरेश ने कहा कि स्वामी ! अन्न वस्त्र हाथी घोडा द्रव्य जितना चाहिए सो हमसे सब लीजिये, पर कन्या तो मेरे घर मे नही जो आपको मै दू।

मुनि बोले कि सत्य, वह पतिव्रता कन्या बिना व्याही हुई तुम्हारे मन्दिर मे नही, पर कही होगी। कुल बढाने के लिये मुझको दीजिए, कोटिन्ह अश्वमेध यज्ञ का पुण्य सहज मे होवेगा।

ऋषि की आश्चर्य बात सुन शोक से आकुल हो सकुचाकर राजा कहने लगे कि महाराज ! प्राण से भी अधिक प्यारी एक पुत्री हमको थी सही, पर कुछ दोष सुनि मारे क्रोध से उसे घर से मैने निकाल दिया। सो आपके योग्य नही। और ईश्वर जाने कि अब जीवती है कि मर गई।

तब उद्दालक मुनि पिछला समाचार भूपति को सुनाने लगे। जिस प्रकार ब्रह्मा से वर मिला और अपना बीज कमल के फूल मे रख गङ्गा मे बहा दिया था विसके सूघने से चन्द्रावती को गर्भ हुआ। सो देख राजा ने बनवास दिया। वहा एक मुनि के आश्रम पर उसको नाक से पुत्र हुआ।

ो आगे नासिकेत, पीछे चन्द्रावती की अपने यहा आवने की बात सो सब मुनि ने बेवरे समेत राजा को सुनाई।

तब वे सुनकर बार बार पछिता पछिता रो रो कहने लगे कि हाय ! हाय ! यह देवचरित्र मैने कुछ नही जाना। हमसा पापी अधर्म्मी दूसरा कोई नही जो बिना अपराध बेटी को बनबास दिया।

ऐसे कहते हुए वहा से तुरन्त हर्षित हो उठे। वो भीतर जा मुनि ने जो आश्चर्य बात कही थी सो पहिले रानी को सब सुनाई। वह भी मोह से व्याकुल हो पुकार पुकार रोने लगी वो गिड-गिडा गिडगिडा कहने कि महाराज ! जो यह सत्य है तो अब ही लोग भेज लडके समेत झट उसको बुला ही लीजिए, क्योकि अब मारे शोक के मेरी छाती फटती है। कब मै सुन्दर बालक सहित चन्द्रावती के मुह, कि जो बन मे रहने से भोर के चन्द्रमा सा मलीन हुआ होगा, देखोगी। देखो यह कर्म्म का खेल, कहा इहा नाना भाति भोग बिलास मे वो फूलन्ह के बिछौने पर सुख से रात दिन जिसके बीतते थे, सो अब जगल मे कन्द मूल खा काँटे कुश पर सो कर स्यारो के चहुदिशि डरावन शब्द सुनि कैसे बिपति को काटती होगी।

राजा बोले कि माता पिता से प्राणी का एक जन्म ही तो होता है। और सुख दुख जो पूछो तो जब जैसा बदा तब तैसा, क्या राजा क्या प्रजा, सब ही छोटे बडे को होता है।

इतने मे जहा से सखी सहेली और जात भाइयो की स्त्री सब दौडी हुई आई, समाचार सुनि बहुत जुडाई, मगन हो हो नाचने गाने बजाने लगी, वो अपने अपने देह से गहना उतार उतार सेवको को देने लगी और अनगणित रुपैया अन्न बस्त्र राजा रानी ने ब्राह्मणो को बोला बोला दान दिया। आनन्द बधावा बाजने लगा। हर्षित हो नरेश ने वहा से सभा मे जा ऋषि से कहा कि महाप्रभु ! आपने मेरा बडा कलङ्क मिटाया है। इस आनन्द का कुछ पारावार नही। अब निश्चिन्त हो इहा विराजिए, कन्या मगा आपको मै दूगा।

ऐसे कह अमृत पदार्थ भोजन करा अति आदर से मुनि को टिकाया, वो तुरन्त सेवको के सहित पालकी भेज नाती समेत बेटी को बन से मगा लिया। गले लगा सब रनिवास भेट किया। बालक गोदी मे ले मतारी लडकी के घर मे बैठा रो रो बन की बात पूछने लगी। भाई गोतिया हित मीत नगर के लोग देखने को आए। भीतर बाहर नृप के मन्दिर मे मारे भीड के उथल पथल हो गया। तब भूप ने पण्डितो को बुला दिन विचार बडी [प्रसन्नता से सब] राजा वो ऋषियो को नेवत बोलाया। लगन के समय सबो को साथ ले मण्डप मे कि जहा मोनन्ह के थम्भ पर मानिक दीप बरते थे, जा पहुँचे। मोतिन्ह से पूरा हुआ चौक मे रतन जडा पीढा रखवा उस पर वर कन्या दोनो को पटम्बर वो गले मे हीरे की माला पहिरा बैठाया और वेदरीति से ब्याह आरम्भ किया। ब्राह्मण सब वेद पढने लगे। भाति भाति के बाजन लगे बाजने, वो कथक गाने, बन ठन वेश्यागण जहा तहा नाचने, हर्षित हो राजा ने कन्यादान कर सहस्र हाथी लाख घोडे वो गौ, असख्य बासन भूषण बस्त्र रुपैया जँवाई को यौतुक दिया। फिर हाथ जोड विनती किया कि सुनिए महाराज ! आपने निपट हमको सनाथ किया। मेरे घर मे ऐसी कोई वस्तु नही कि जिससे तुम्हारी मै पूजा करू। देखिए, सागर को जल से, सूर्य्य को दीप से पूजते है, तिन्हको क्या उन से आनन्द होता है ? नही, महात्मा लोग आदर मान ही से सन्तुष्ट होते है।

इतनी कह ऋषि के चरण पर गिर पडे। अति प्रसन्न हो मुनि उठ पीठ ठोक आशीस दे बोले कि धन्य हो राजा रघु ! क्यो न हो। मुह पर कहा तक बडाई करे। भगवान ने तुमको बडी बुद्धि दी है। ईश्वर करे यो ही सदा फूले फले रहो। और यह हमारे यौतुक को हाथी घोडे द्रव्य तुम्हारे ही घर मे रहे, क्योकि वन के बसनेवाले तपस्वियो को इनसे क्या काज।

ऐसे कह धन छोड सब से मिल नासिकेत समेत भार्य्या ले उद्दालक मुनि वहा से अपने आश्रम पर आए।

तब राजा जन्मेजय ने वैशम्पायन ऋषि से कहा "ऐ महाराज ! सुना है जो स्थान पर आके कुछ दिन के बीते पर पिता के शाप से जीवित ही नासिकेत यम के पास गए और आए सो कृपाकर हमको सुनाइए कि जिससे सन्देह मेरा दूर होए"।

वे बोले हे राजा ! अति आश्चर्य्य कथा है, तुम्हारी भक्ति से बहुत प्रसन्न हो मै कहता हू, एक चित्त हो सुनो —

इस प्रकार राजा रघु की बेटी चन्द्रावती को व्याह साथ ले फिर उद्दालक तपस्या करने लगे और नासिकेत को योग की श्रद्धा हुई सो वे लगे योग करने।

एक दिन पिता ने उनको आज्ञा दी कि पुत्र ! आज हमको अग्निहोत्र यज्ञ करना है, तुम कन्द मूल फूल फल जितना मिले सो शीघ्र जा ले आवो।

सुनते ही वे उठ खडे भए और किसी घने बन मे जा पहुचे। वहा हस सारसो से सुशोभित ऐसा कोई सुन्दर सरोवर देखा कि जहा अच्छा निर्मल पानी, तिस मे भाति भाति के कमल फूले थे, और उसके तट के वृक्ष सब अमृत समान फलो से फले थे। तब हर्षित हो उसके तट पर जा विधि से स्नान सन्ध्या कर शिव की पूजा करने लगे और समाधि लगाई, सो बरस दिन उनको वहा बीत गया। पीछे जब ध्यान छूटा तो तुरन्त कन्द मूल फूल फल कुश वो ईधन ले पिता के पास आन पहुँचे। देखते ही वे क्रोध से लाल आख कर बोले —

चौपाई

इतना दिन कहो कहा लगाए। तेरे कारण बहुत दुख पाए॥
अग्निहोत्र वह यज्ञ हमारा। तुम बिन गया अकारथ सारा॥

पुत्र करते है सुख पाने को, नही तो निपुत्र होना अच्छा। अब ही पिता माता को दुख देने लगा, न जाने आगे क्या करेगा। देखो अग्निहोत्र से ब्रह्मा आदि देवता और पितर सब सन्तुष्ट होते है, सो हमसे कुछ हो सका नही।

पिता की बात सुनि नासिकेत बोले कि अग्निहोत्र कर्म्म केवल ससार के बधन के लिये है, मेरे जानने मे तो योग समान कोई दूसरी क्रिया मुक्तिदायक नही, कि जिसको ब्रह्मा आदि देवता सब भी साधते रहते है।

उद्दालक बोले वेद पढि अग्निहोत्र करके करोडन्ह बरस सुरपुर मे नाना भोग बिलास करते है। योग से कहो क्या होता है।

नासिकेत ने कहा वेद पढि अग्निहोत्र करने से बार बार ससार मे आते जाते हैं। योग साधने से इस देह से मुक्ति हो आनन्द विहार करते हैं।

यह समाचार वैशम्पायन मुनि राजा जन्मेजय से कहते हैं कि इस प्रकार पुत्र को बराबर उत्तरदायक जान उद्दालक ऋषि ने शाप दिया कि जाव, अब ही तुम यमलोक सिधारो। अब इहा तुम्हारे रहने से हम प्रसन्न नही। पहिले तो वे डरावने शाप से लगे कापने फिर धीरज कर योग के बल से तुरन्त यम के निकट चल खडे भए।

सुनते ही आस पास के मुनि सब हाय हाय करते दौड आए। सिर मे जटा, अग मे बभूत केले के छिलके का लगोट बाधे, मृग का चर्म्म ओढे छोटा सा लडका जान, मीठी मीठी बात कहते देखकर बहुत पछताने लगे।

पाव पकड मतारी रोने कलपने लगी। तब उद्दालक मुनि मोह से आकुला कर कहने लगे क्यो पुत्र! हमको बिसराए चले जाते हो। हम समान कुटिल कठोर निर्दयी दूसरा कौन जग मे होगा जो तुम को शाप दे। क्योकर, पूत उस पुरी मे जावोगे कि जहा राजा कहिए तो यम है, वो महाभयावनी वैतरनी नदी बहती है, बाट मे कितने एक दूर तक सदा अग्नि ऐसी बरती रहती है कि जहा पापी सब ज. जा जलते है?

नासिकेत ने कहा पिता! कुछ खेद मत करो, आपके प्रताप से यमराज को देख शीघ्र मै चला आऊगा। तुमसे पिता की बात जो सदा सत्य होती आई है, सो मै झुठाने नही सकता हू। देखिए, सत्य ही से चन्द्रमा सूर्य्य नित्य भ्रमते हैं। सत्य ही स्वर्ग मे है, नही तो बिना उसके नरक भोग होता है। इस लिये यम की पुरी को देखूँगा। पिता! मन को आकुल मत करो। इतना कह माता सहित पिता वो ऋषि को प्रणाम कर झट वहा से अन्तर्धान हो शिव का मन्त्र जपते वो ब्रह्मा का ध्यान करते चले, और बडे सिद्ध थे इस कारण पहर भर मे यम की वह सभा मे, कि जहा अत्रि आदि अनेक ऋषि लोग अपनी अपनी पोथी खोल न्याव विचार यमराजा से कहते थे, जा पहुचे।

चौपाई

शिव स्वरूप अति सुन्दर बालक। निपट छोट देखत सुखदायक॥
जटा मुकुट वो भस्म लगाए। जातेहि सकल सभा (मन) भाए॥

तब सिर नवाय प्रणाम कहि हाथ जोर लगे धर्म्मराज की स्तुति करने।

वैशम्पायन मुनि राजा जन्मेजय से कहते हैं, सूर्य्य समान तेजस्वी नासिकेत मुनि को, जिनके जाने से सभा शोभने लगी, देखते ही धर्म्मराज हर्षित हो तुरन्त उठ खडे भए। आदर मान कर निकट अपने आसन पर ऋषि को बैठाया वो प्यार से समाचार पूछने लगे।

चौपाई

बालहिपन मे घडी सिधाई। कहो मुनीश कैसे यह पाई॥
धन्य पिता जिनके तुम भए। तुम्हें देख पातक सब गए॥
कारण कौन यहा तुम आए। बार बार मेरे गुण गाए॥
अमृत बाणी बहुत सुनाई। जो कहत सोहावनि अति सुखदाई॥

इतनी यम की बाते सुन नासिकेत ने कहा दीनदयाल! अपनी भूल कहा तक मै आपको सुनाऊ। जब कुमति आ घेरती है तब कैसहू कोई ज्ञानी होय, ज्ञान ठिकाने मे नही रहता। एक तो पहिले आज्ञा मे चूके ही थे, फिर ज्ञान की चर्चा मे ढिठाई कर पिता को बराबर जा उत्तर दिया। इस अपराध से झट उनके मुख से यह बात निकल गई कि जा, अब ही यमपुरी को देख, तू हमारे साथ रहने योग्य नही। सो महाराज! पिता का बचन सत्य करने के लिये तुम्हारे समीप आया हू। जैसी कुछ आज्ञा होए सो मे करू।

हँस के यम बोले कि महाप्रभु! तुम समान मुनि को, कि जो अब ही ऐसा योग मे मगन हो ससार की माया मोह त्याग जो चाहे सो करे, जहा इच्छा आवे, तहा चला जाय, देखकर अति आनन्द हमको होता है। कहो क्या मन मे है सो बर मुझसे मागो।

नासिकेत बोले! महाराज ऐसी दया करते हो तो चित्रगुप्त समेत अपनी सारी पुरी वो धर्म्मात्मा लोग जहा पुण्य का अच्छा फल वो पापी जन नरक भोगते है, सो सब स्थान दिखावो। यही मेरे मन की लालसा है।

तुरन्त उनने दूतो को बुलाके कहा कि यह ऋषि बडे सत्यवादी मर्त्यलोक से पिता के शाप पाय यहा आए है। जाव, सगरे पुर का दर्शन इन्हे करा लावो, कि जिससे अपना मनोरथ पूरण कर हर्षित हो।

प्रभु की इतनी आज्ञा सुनि दूत सब वोही उनको चित्रगुप्त के पास ले गए और कहा कि धर्म्मावतार! यमराज ने हमको भेजा है। बाप का बचन रखने के लिये ये महापुरुष यहा आए! जो कुछ कहते है सो सावधान होकर सुनिए।

किकरो की यह बात सुनि चित्रगुप्त ने मुनि से पूछा की महाराज! तुम्हारे दर्शन से निपट हम सन्तुष्ट भए, कहो क्या अभिलाष है, सो मै पूरण करू।

नासिकेत बोले, ईश्वर ने अति उत्तम तुमको बनाया है, सब शास्त्र के ज्ञाता, धर्म्म, अधर्म्म के विचार और तेज मे देखते है कि यम के समान ही हो। और प्राणियो के सकल कर्म्म के जाननिहार बार बार मै तुमको प्रणाम करता हू। पुण्य पाप के कारण से सुख दुख के जो जो स्थान इस नगर मे है सो देखने की मेरी इच्छा है। कृपानिधान! दया करके हमारे मनोरथ को पुराओ।

वैशम्पायन कहते है, इस प्रकार से बिनती किए पर चित्रगुप्त की आज्ञा ले दूतो ने नासिकेत को ले जा स्वर्ग नरक, कि जहा पुण्य पाप के फल पावते है, दिखा सुना प्रसन्न कर फिर चित्रगुप्त को कहते हुए धर्म्मराज के पास ले आय खडा कर दिया।

महातेजस्वी व समर्थ जान उनके आवते ही वे उठ खडे भए और आसन दे बैठाय प्रीति कर पूछने लगे कि कहो नासिकेत ऋषि ! चित्रगुप्त समेत सारे पुर वो नाना भाति के लोग जो अपने अपने कर्म्म का फल भोगते है, देख आए ? श्रद्धा पूरी भई ?

वे बोले महाराज ! तुम्हारे प्रसाद से सब स्थान से मै हो आया। अब माता पिता हमारे शोक से कलपते होगे, आज्ञा करो तो उनका जा दर्शन करू।

तब इतना बचन सुनि धर्म्मराज निपट हर्षित भए, वो यह बर दे उनको अपने यहा से विदा किया कि आज से तुम अपने योग के बल से सब दुख से छूट और मृत्यु को जीत युवा स्वरूप हो सदा आनन्द विहार मे मगन रहो। और जो तुम्हारे कुल मे होगा सो हमारा कबही न मुंह देखेगा।

इस प्रकार से यह वर पाय नासिकेत मुनि मन के वेग समान वहा से चले, सो पल भर मे जहा माता पिता मारे मोह से दुबराकर मरने योग्य हो रहे थे, वहा अचानक जा पहुचे, वो जाते ही दोनो की प्रदक्षिणा की, वो चरण छू प्रणाम कर सन्मुख जा बैठे।

[पत्नी] सहित उद्दालक ऋषि पुत्र को कुशल से देख बहुत हर्षित भए। वो तुरन्त गोदी मे बैठा अति आनन्द से रो रो बार-बार मुह चूमने लगे और कहने कि नासिकेत ! आज हमारा जन्म स्वारथ हुआ। हम ममान क्रोधी दुराचारी पापी ससार मे कौन होगा जो बिन अपराध शाप दे तुमको सकट मे डाला। धन्य हो पुत्र, कि इसी देह से यम की पुरी को देख ज्यो के त्यो फिर चले आए। जग मे एक से एक सिद्ध हुए और है, पर मै जानता हू कि तुम्हारे गुण वो तेज को कोई दशाश भी नही पा सकता है। कहो कैसा धर्म्मराज का लोक व नगर है ? कैसा यम का रूप, किस प्रकार की बाट कि जिससे इतना शीघ्र गए वो आए ? क्या खाने पीने को पाया ? किस रीति से बातचीत की ? और जो कुछ अचरज देखा सुना हो सो हमसे कहो कि सन्देह मिटे, वो जो करने की होय सो मै करू।

नासिकेत बोले—"पिता ! आपके पुण्य प्रताप से यम के मन्दिर हम गए। सबके सहार करनिहार दूत सहित यमराज, पुण्य पाप के लिखनेवाले चित्रगुप्त और भाति भाति के देवता अनगणित मैने देखे। बडी स्तुति से रिझाकर यम से यह बर पाया कि इसी देह से जाओ, अब तुम्हारा जन्म मरण न होवेगा और युवा वयस सब दिन सुख मे भरे पुरे रहोगे।

वैशम्पायन कहते है, इतने मे नासिकेत धर्म्मराज के पुर से हो आया, यह सुनि ऋषि लोग बहुत चकित हो अपने अपने आश्रम मे जिस भाति से तप करते थे, उसी प्रकार से यमलोक के समाचार पूछने के लिये चल खडे भए। कितने एक तो नीचे माथ ऊपर पाव किए, और कितने एक ही चरण से खडे, कोई दोनो, कोई एकही हाथ उठाए, किसी को देखो तो मौन ही व्रत किए, कोई सूखे पत्ते ही खा, कोई निराहारी हुए, बहुतेरे ससार सागर पार होने को योग ही मे मगन दिगम्बर बेष बनाए, कठिन से कठिन तपस्या मे मन लगाए, जहा पिता के समीप नासिकेत बैठे थे वहा आन पहुचे।

देखते ही वे हर्षित हो उठ खडे भए वो प्रणाम कर मिल भेट, कुशल क्षेम पूछ, आसन दे एक एक को अलग अलग बैठा, पाव धुला, आचमन करा, अक्षत चन्दन फूल ले सबो को पूजने लगे।

तब समय जान ऋषि लोग बोल उठे कि नासिकेत ! हम तुम से अति प्रसन्न भए। शिष्टाचार तो जैसा कुछ चाहिए वैसा हो चुका वो होता रहेगा, अब यमलोक की बात सुनावो। कैसी वह पुरी है कि जहा सदा आप धर्म्मराज विराजे रहते है ? कैसे यम के दूत है ? क्या वहा की रीति रहन ज्ञान तपस्या वो कैसी वहा बैतरणी नदी है ? और यहाँ जो करते है सो वहा कैसे भोगते है ? किस करम के फेर से यम के कोप मे जा पडते है ? कैसा उनका दण्ड व कैसे चित्रगुप्त है जो प्राणियो धर्म्म अधर्म्म लिख धर्म्मराज को जनाते है ? पास मे उनके कौन कौन मुनि लोग रहते है ? सो सब कृपा कर कहो कि जिससे अति सतुष्ट हो तुम्हारे गुण को गावे।

उनकी इतनी बात सुनि बीच मे बैठ नासिकेत कहने लगे कि जितने तुम साधु सन्त हो सो अब सावधान हो सुनो। ऐसी आश्चर्य यह कथा है कि जिसके श्रवण से रोमाच होते है।

धर्म्मराज के लोक मे भाति भाति के लोग और वृक्षो से शोभित चार सौ कोस लम्बी चौडी चार द्वार की यमराज की पुरी है, कि जिसमे सदा आय वे अनेक गण गन्धर्व्व ऋषि वो योगियो के मध्य मे धर्म्म का विचार किया करते है। तिस पुरी मे जिस द्वार से जो प्राणी जाता है सो मैं तुमसे कहता हू।

देवता पितर गुरु के भक्त, क्रोध लोभ को जीतनिहारे, दान धर्म्म मे सब दिन जिनकी उत्तम मति रहती है, वो जो जेठ बैसाख मे जल दे प्राणियो की प्यास मिटाते, वो जाडे मे बस्त्र दे दुखी जन को पालते है, ऐसे जितने लोग है सो तो वहा पूर्व द्वार से जाते है, वो नाना भोग बिलास करते, और जो हरि हर दुर्गा के भक्त अतिथि देवतो को पूजते, तीर्थो मे नहाते, आहार को जीतते गौ बचाने को युद्ध करते, ज्ञान के लिए साधुन का सग करते, ऐसे जो महात्मा लोग है सो सब उत्तर द्वार से जा परमपद को पहुच मनभावन सुख को पाते है। और धर्म्म मे जिनकी श्रद्धा है, सत्य ही बोलते, सबसे नय चलते, पराए की हिसा निन्दा नही करते, विष्णु के भक्त, परद्रव्य को मिट्टी, पर स्त्री को माता समान जानते है ऐसे जो कोई महापुरुष लोग है सो सब पश्चिम द्वार से वहा पहुच बिमानो पर चढ जहा इच्छा आवे तहा जा, अपनी रुचि से आनन्द विहार किया करते है, और जो निर्द्दयी, पापी, कुटिल, कठोर, क्रूर, बिशील, वेद पुराण शास्त्र व देव पितरो की निन्दा करते है, वो गुरु को न मानते, झूठ ही बोलते रहते है ऐसे जितने अधम लोग है सो तो महा भयावन दक्षिणद्वार से जाते है, और दुख भोगने के लिये धर्म्मराज की आज्ञा से तुरन्त काली काली बडी बडी देह पाय यमदूतो के हाथ पड मुद्गरो के मार से भुरकुस होते, अति अन्धकार महा महा रौरव नाम नरक मे डाले जाते है, कि जिसमे जहा देखो तहा कीडे कलबलाते है, और एक एक बाघ, सिह, हुडार, कुत्ते, बीछू, साप, गिद्ध, कौए से भरे है कि पापियो के देखते ही सैकडन आ झुक पडते है वो झट पकडकर आपस मे ऐसा खैची किया करते रहते है तिनमे दारुण दुखदायक बिच्छू डक मारने लगते है, बार बार विषधर डसने को फुफकार करने, लोहे समान चोचो से गिध कौए तिस पर ऐसे लगते है सताने कि जिस दुख का कुछ पारावार नही है। हाय ! हाय ! मरे रे, दौडो रे सदा पुकारते रहते है। पर बिना धर्म्म के कोई उनको बचाना चाहे तो नही सकता है।

इस प्रकार से यमपुरी का दक्षिणद्वार अति डेरावन है कि जहा से दूतो के बस होकर पापी लोग ऐसे महानरक मे पडते वो नाना भाति के दुख को सहते है।

इससे अधिक कुम्भीपाक आदि सहस्र नरक एक से एक मैने देखे कि जिनमे बडे बडे कीट भरे वो हाहाकार शब्द दूर ही से सुनाता है। और वो महादुखदायक असिपत्र एक एक ऐसा बन है कि जहा खड्ग की धार के समान चोखे गाछो (?) के पत्ते है, नीचे तिसके अति दुर्गन्ध कीडो से आकुल पीप की नदी बहती है, वो अधमो के तलने के लिये बीच मे कही कडाहो मे तेल गरा गराता रहता है। बहुतेरे तो पहाड पर से गिराए वो शूली पर चढाए जाते है।

यह समाचार वैशम्पायन राजा जन्मेजय से कहते है —

इस प्रकार से नासिकेत मुनि यम की पुरी सहित नरक का वर्णन कर, फिर जौन जौन कर्म्म किए से वह भोग होता है सो सब ऋषियो को सुनाने लगे, कि गौ, ब्राह्मण, माता, पिता, मित्र, बालक, स्त्री, स्वामी, वृद्ध, गुरु, इनका जो बध करते है वो झूठ साक्षी भरते, झूठ ही कर्म्म मे दिन रात लगे रहते है, अपनी भार्य्या को त्याग दूसरे की स्त्री को ब्याहते, ओरो की पीडा देख प्रसन्न होते है और जो अधर्म्म से हीन पाप ही मे गडे रहते, वो माता पिता की हित बात को नही सुनते, सबसे बैर करते है, ऐसे जो पापी जन है सो सब महा डरावन दक्षिणद्वार से जा नरको मे पडते है।

इतनी कथा सुना फिर नासिकेत मुनि कहने लगे, कि यम की आज्ञा से दूत सब एक किसी को इहा से ले गए वो विसे उनके आगे खडा कर दिया, उसका जो पुण्य पाप का बिचार होते मैने देखा है सो अब कहता हू तुम सावधान हो सुनो।

यमराज की सभा मे अपने अपने स्थान पर सुन्दर आसन बिछाए बैठे अत्रि, गौतम, मैत्रेय, बृहस्पति, शुक्र, वेदव्यास, जह्नु, कर्ण, भारद्वाज, दधीचि, गोभिल, दुर्बासा, मरीच, भृगु, गालव, सनत्कुमार, प्रलह, पुलस्त्य, ऋतु, याज्ञवल्क्य, विश्वामित्र, मार्त्तण्ड, हरिमित्र व सुमित्र, ये सब ऋषि लोग अच्छा बस्त्र व भूषण पहरे द्वादश आदित्य समान शोभते, नाना शास्त्र बिचार बिचार प्राणियो के धर्म्म अधर्म्म का न्याय किया करते है। तिनके बीच मे कानो मे कुण्डल, शिर मे सुन्दर मुकुट पहिरे तारन्ह मे चन्द्रमा समान महान तेजस्वी धर्म्मराज सदा विराजते रहते है।

तहा अति निर्दयी निपट डेरावन वैसेही हाथ मे दण्ड लिए दूतो ने उससे पूछा कि जिसको यहा से ले जा यम के पास खडा कर दिया था, कि कैसा पाप तुमने किया है जो धर्म्मराज के आगे सत्य बतावो।

इतने बीच सभा मे बैठे हुए प्रकट उचित कहनिहार ऋषि लोग शास्त्र विचार के बोल उठे कि महाराज ! इस पापी ने तो ब्राह्मण का बध किया है, कुम्भीपाक मे कि जहा का दुख सहा नही जाता, अपने कर्म्म का जैसा कुछ फल है सो बहुत दिन तक भोगेगा।

यह सुनते ही वो यम की आज्ञा पाय किङ्करो ने झट उसे पकड लिया वो लाठियो से मारते पीटते घसीटते वहा ले चले और वोही नरक मे जहा कोई किसीको क्षण भर भी पीडा से बचा नही सकता है, डाल दिया वो तुरन्त सहस्रन कीड़े बडे बड़े मोटे मोटे देह मे लिपट गए वो मास काट काट खाने लगे।

नासिकेत ऋषियो से कहते है इसी भाति गोहत्या का भी निर्णय होते मैने देखा है, और जो अपराधी विश्वासघात, गर्भपात करते, काम के बस हो जिस स्त्री के पास जाने को मना है, उसी से जा भोग करते है, मारे लालच के नही खाने को, सो है खाते, ऐसे जितने अधम लोग है सो तो कडाहो मे कि जिनमे तेल गरम हो रहा है, डाले वो शूली पर चढाए जाते है। इस प्रकार बहुतेरन्ह शीकरो (सिक्कडो) से बाँध-बाँध दूत सब यम के निकट पहुचावते है कि जहा तेज मे सूर्य्य समान चित्रगुप्त प्राणियो के पुण्य पाप को लिख ले जा समझाते है, ऋषि लोग शास्त्र बिचार जैसा जिसको उचित है वैसा नयाव बतावते है, ऐसो धर्म्मराज की सभा और वहा का यह वृत्तान्त है और जिस जिस कर्म्म से इन नरको मे पडते है सो भी सुनो मैं कहता हू।

जो नर चोरी आदि नाना भाति के कुकर्म्म मे आप तो दिन रात लगे है, तिसपर भी औरो को देखते है, वो एक अक्षर भी जिससे पढते विसे गुरु के बराबर नही मानते है, सो तब तक महा-नरक को देखते है कि जब तक यह ससार बना रहता है, और जो दुष्ट गुरु को वाद कर हराते व डाटते है, पिता, माता गुरु से व्यर्थ बैर करते है, वे सब विसी नरक मे पडते है कि जहा ब्राह्मण के बध करनेवाले जाते है। इसलिये माता पिता गुरु को कदाही कोप न करावेगे कि जिससे ऐसे ऐसे सकट को भोगेगे। और जो कास पीतल तामा लोहा चुराते है, कन्यादान समय मे भाजी मारते, मुनि ब्रह्मचारियो की तपस्या मे जा बाधा करते है, और जो निर्द्दयी क्या घर मे क्या बन मे, क्या कही आग लगा सहस्रन जीव को जला देते है, सो सब असिपत्र बन मे डाले व लाल लाल अगारो पर घसीटे जाते है, व हाहाकार शब्द किया करते है।

और जो बालक, वृद्ध, स्त्री, साधु, सन्त को छलते है, नही करने को सो करते, और जो मनुष्य अच्छे अच्छे मीठी मीठी वस्तु बना छिप कर अकेला ही आप चट करते है, सो विस कूप मे पडते है कि जो विष्ठा वो कीडो से भरा हुआ है।

जो नर बहुत दिन तक भोग व प्राण से भी अधिक मान किमू अपराध से पतिव्रता स्त्री को त्याग देते है सो सब भी असिपत्र बन नाम नरक मे डाले जाते है वो नाना भाति की पीडा को सहते है।

इससे अधिक और भी नरक मैने देखे कि जहा महाडरावन आग लहर रही है। अपने कर्मो से पापी लोग बार बार जलाए जाते है, बहुतेरे शीकरो से बाधे हुए मुँगरो के मार से नीचे गिर विलाप कर बेडी सहित उठ भागते है, तिस पर निर्द्दयी यम के दूत सब तुरन्त उसे पकड लोहे के घनो पर पटकते है, कितने एक तो गलो मे फासी लगा, किसी को दोनो पाव ही धर घसीटते वो डाट कर कहते है कि हा मूर्खो! बहुत सबसे बैर बिसाहे हो, क्यो अब रोते हो? अपना कमाया हुआ दुख भोगो और जो पर सो कुकर्म्म किया है विनको अष्ट धातु की बडी प्रतिमा को कि जो अग्नि मे लाल की हुई है अँकवार से पकडाते है वो कहते कि जैसे ही तुमने पराए की भार्य्या से विहार किया है वैसे ही इससे भी हर्षित होके करो, विनके कहने पर जो जो तो नही उठते तिनको मारे लाठिन से चूर कर नीचे गिराते है।

ऐसे ही गञ्जन होते कोटिन स्त्रियो को भी देखा कि जो दूसरे पुरुष से अपने धर्म्म को

नाशती है,, कितने तो पहार वो तार के वृक्षो पर से गिराये जाते है, जो पराये का जीव मारने मे अपना जनम गँवाते है।

जो नर किसी को खाने पीने मे बाधा करते है सो सब भी बिसी नरक मे रहते है कि जिसका दारुण दु ख सहा नही जाता है। और जो नारी स्वामी को निन्दती वो नित्य कलह करती है सो वहा डाली जाती है कि जहा बडे बडे सीमर के अगारे ऐसे लहर रहे है। पति के मरे पर औरो से मिलती है, यम के दूत सब विसकी जीभ को काट लेते वो अष्टधातु की प्रतिमा को पकडाते है।

और जो पतिव्रता स्त्री की निन्दा करते है सो सब नरको मे फिर नाना पीडा ऐसे भोगते है कि किसी प्रकार से किसी को उससे बचाव होने का नही।

इस प्रकार बहुतेरे नरको का वर्णन कर नासिकेत मुनि फिर लगे ऋषियो से कहने कि यम के पुर मे और भी एक अद्भुत स्थान देख आया हू, जहा लहराती हुई आग का सरूप उचाई मे चार व घेराव मे बीस कोस महाडरावन वृक्ष है। लाखो पापी जन उसमे टागे हुए हाहाकार शब्द को है करते, तिस पर अति कठोर निर्द्दयी यमदूत सब व्रज्र समान शस्त्रो से बारबार मारते पीटते वो कहते है कि हा अधर्म्मियो ! कदही नही तुमने हर्ष से किसी देवता पितर को तृप्त किये, न कोई तीर्थ मे फिरे, न किसी अतिथि अभ्यागत को कुछ दिया, वो माता पिता ब्राह्मण गुरु ससार मे देवता तुल्य गिने जाते है विन को भी तनिक आदर से न पूजा कि जिस चूक का ऐसा फल पाते हो।

इतना कह धर्म्मराज के दूत सब महादुखदायक नरको मे पातकियो को फिराते है। तिनमे किसी को देखो तो भैसे पर कोई गीध कोई सारसो पर, कितने तो बादरो पर, बहुतेरे श्यारो पर चढे हुए निपट काले महाकुरूप कि जिनका वाघ सिह कुत्ता बिलाई का ऐसा तो मुह, वो लाल लाल आख, खड्ग, त्रिशूल, परसा, बरछी, लाठी, मुशल आदि बडे शस्त्रो को हाथन मे लिए यम की आज्ञा पाय नाना सकट मे प्राणियो को डालते है। यह तो अपनी आखो से पापियो की दुर्गति होते मैने देखी है।

और जहा मन भावते नाना प्रकार के पकवान दही दूध घी मिठाई वो रतन जडाव एक से एक अद्भुत भूषण वो भाति भाति के पटम्बर वस्त्रो की कूट सदा लगी रहती है, वो कानन मे कुण्डल, गले मे मोतिन की माला पहिरे, अति सुन्दर सुन्दर अप्सरा सब बीना आदि बाजा हाथो मे लिए नाचती गावती बजाती रहती है, तिस स्थान मे वो विनके सग मे अच्छे पुण्य के प्रताप से उत्तम उत्तम भोग बिलास करने को वे धर्म्मात्मा लोग जाते है वो विमानो पर चढे फिरते है। और यमराज की दया से बहुत दिन तक महा महा सुख है करते कि जो ससार मे देवता, ब्राह्मण, गुरु इनको मन लगा भक्ति से पूजते है, वो जो भूमि, सोना, गौ, वस्त्र देते है, अतिथि अभ्यागत को आसन दे बैठाय अच्छा सुन्दर मधुर बचन बोल, कन्द मूल से भी सतुष्ट करते है, और जो लोग ऋतु समय अपनी स्त्री के पास जाते वो नित्य धर्म्म पुण्य करते, ऐसे जितने नर है सो सब तो कधी न यम का मुह देखते है।

और जो मनोहर घर बना सोना विधि से ब्राह्मण को देते है सो सब तो ऐसे स्थान पावते है जहा जहां सोनन्ह के मन्दिर अनेक आश्चर्य्य आश्चर्य्य भोग कि जिनका कुछ बखान न किया

जाता है। और जो मनुष्य भूखे लोग को एक ग्रास भी अन्न देते और सब प्राणियो मे दया करते, शरण मे आए को पालते है, सो सुरपुर मे अप्सरो के साथ जा विहार करते है। वो उपजे हुए अन्नो से भरा पुरा खेत अपनी श्रद्धा से जो है सकल्पते सो तो परम स्थान मे विमानो पर कि जो जहा मन होय तहा ले जाता है, चढे फिरते नाना आनन्द किया करते है।

चौपाई

मोती मूगा रतन है देते। सो है मणिमय गृह मे रहते।।
पनही छत्र वो शीतल पानी। हरषि दान करते जो ज्ञानी।।
सो है इन्द्रपुरी को जाते। महा भोग जह वो है पाते।।
हाथी ऊट अन्न के दानी। दया धर्म्म वो शील के खानी।।
स्थान परम को वे है जाते। गण गन्धर्व जहा है गाते।।
बडे तीर्थ में जो है मरते। सो भवसागर को है तरते।।

और नाना भूषण पहिराय वेद की विधि से कुलीन बर को जो कन्या देते है, सो तो सब सहित सारी पृथ्वी दान किए का फल पाय देवतो के निकट महासुन्दर स्त्रियो से विलसते है कि जिनके रूप से कामदेव भी मोहित होते है, वो बिना धर्म्म पुण्य के जिनके दिन है बीतते, सो लोहा की भाथी समान सास तो लेते है पर तनिक भी न जीवन का सुख को पाते है।

नासिकेत ऋषियो से कहते है, कि धर्म्मराज से पालित और जो सुन्दर स्थान मुझको देखने सुनने मे आया है सो भी तुमको सुनाता हू कि जहा यम के निकट साधु दूत सब रहते है वो पूर्वद्वार से धर्म्मात्मा लोगो को अमरावती मे पहुचावते है। और आश्विन कार्त्तिक मे अन्न, जाडे मे वस्त्र वैसाख जेठ मे अच्छा शीतल पानी, बसन्त के समय मे फूल फल जो नर है देते, सो सब बहुत दिन तक सूर्य्यलोक मे बास करते वो नाना सुख को भोगते है। जो तो दुर्भिक्ष मे अन्न वो सुभिक्ष मे सोना है देते, सो तब तक स्वर्ग मे बसते है कि जब तक चन्द्रमा सूर्य्य दोनो विद्यमान है। इसलिये चतुर लोग सब प्रकार से दान धर्म्म मे चित्त दिए रहते है कि जिससे महा आनन्द को पावते है। और जल के दानी, विष्णु के भक्त ब्राह्मणो के है जो पूजक, सो सब हस चक्रवाको से सुशोभित विमानो पर और चित्र विचित्र घोडे हाथी मोर वो सारसो पर चढ यमपुरी के पूर्व द्वार से होते अपने अपने पुण्य के प्रताप से सुरपुर मे जाते है।

वो धर्म्मात्मा लोगो के लिये यमराज से टिकाई हुई नख से शिख लो नाना रतन जडाव आभरण और गजमुक्ता आदि मणि से अलकृत उन महासुन्दरी देवकन्याओ से भोग विलास करते है कि जिनका चन्द्रमा सा बदन, काञ्चन सी देह, तिन मे कितनी तो स्फटिक सी स्वच्छ, कोई सिन्दूर का रग बहुतेरी अति मनोहर स्याम सरूप, सब मिल जुल नाचती गाती बजाती हुई स्वर्गी लोगो को जहा इच्छा आवे तहा सुभग विमानो पर चढाए लिए फिरती है।

देखो यह दान पुण्य का प्रभाव कि जिससे नर सब ऐसी उत्तम गति को है पहुचते और सोना दिए से सूर्य्य के लोक, बस्त्र दिए से चन्द्रलोक मे जाते है। अन्न के दान किए से तो मुक्ति मिलती है इसलिये सदा अन्न दान करना कि जिससे ससार सागर मे के बार बार आवागमन के

दु ख से छूटें, वो परम आनन्द को पावें। नासिकेत मुनि ऋषियो से कहते है—महा महा अद्भुत अद्भुत नरक कि जिनके श्रवन से अङ्ग सिहर आता है, वो वैसे ही बडे बडे बहुतेरे पापियो को देखा और उस पुण्यस्थान का मुझको दर्शन हुआ कि जहा धर्म्मात्मा लोग रहते है। वो निपट सुख देनेवाली पुष्पोदका नाम ऐसी नदी बहती है कि जिसमे सुवर्ण की बालू वो दूध सा स्वच्छ अमृत समान स्वाद जल वो शख पद्म है। और अति सुभग फूलो से शोभित तीर तीर मे घने से कल्पद्रुम लगे है। शीतल सुगन्ध सदा मन्द मन्द समीर डोलता, हस मोर कोकिल कपोत आदि पक्षी सोहावना शब्द करते, मत्त हो हो मधुकर सब गुन्जते है। और जहा देखो तहा देवकन्या सब गाती। गण, गन्धर्व्व, सिद्ध, चारण नित्य आय आय विहार करते है। तिस नदी के तट मे एक से एक लाल पीत नील श्वेत हरित आश्चर्य आश्चर्य सुन्दर सुन्दर दीप्तमान रत्नो की ऐसी खानि मैने देखी कि जिसकी शोभा का कुछ वर्णन न किया जा सकता है।

उस मनोहर स्थान मे वे नर जाते वो सुवर्ण की बालू के बीच मे खेलते वो युवती युवती स्त्रियो के साथ नाना जल विहार है करते कि जो भक्ति भाव से देवता को पूजते वो तीर्थो मे नहाते है।

और उस नदी के तट मे चन्द्र सूर्य समान बहुतेरे मणि वो मोती, मूगे, हीरो से रचित, सोनन्ह के सहस्रन मन्दिर मैने देखे कि जहा पुण्यवान लोगो को अति सुख देने को रतन जडाव भूषण बस्त्र पहिरे सोरह सोरह वर्ष की अप्सरो को यमराज ने टिकाया है कि जिसका कमल सी सुन्दर बडी बडी आख वो चन्द्रमा सा बदन है।

नासिकेत कहते है, कि जो देवता गुरु ब्राह्मण को मानते, धर्म्मशास्त्र को विचारते सकल प्राणियो मे दया करते वो सबकी भलाई मे दिन रात लगे रहते है, तिनके विलास के लिये धर्म्मराज की पुरी मे पुष्पोदका नाम नदी को भगवान ने बनाया है जो तीनो लोक मे प्रसिद्ध है। न तो वहा किसी को कुछ भूख प्यास कदही लगती, न कोई शोक सन्ताप होता है, न भय, न दु ख, न किसी बात की कुछ चिन्ता और नित्य नया नया आनन्द विहार करते है। सब कोई विन से मीठी बात बोलते है।

जो पापी नित उठ सबसे कलह करते वो पराए को दु ख देते, सो तो परलोक मे जा महा महा कष्ट भोगते वो बार बार है पछताते! तहा यमराज के दूत कहते है कि हा! मूर्खो! तुमने मनुष्य की दुर्लभ देह पाय कदही न हरि की चर्चा की, वो सारे जन्म पाप ही मे लगे रहे, कि जिसके करने मे क्षण भर का तो सुख, पर कोटिन्ह बरस का नरक बास होता है। अब रोने कलपने से कहो क्या होगा जब समय गया है बीत, और कहा भी है—

दोहा

आगे दिन पाछे गए, कियो न हरि से नेह।
अब पछताए क्या भए, छूट गया जब देह॥

यह तो दूतो का बतकहा है। और जिस जिसके लाने को धर्म्मराज बिनको बरजते है सो हम तुमसे कहते है—कि जिनके गलो मे तुलसी की माला, सुन्दर तिलक, प्रेम से शालिग्राम

को पूजते, सदा राम नाम है जपते, पर स्त्री को माता सी है समझते, वो एकान्त स्थान मे पडा पराए धन को देख मिट्टी सा त्यागते, वो सत्य ही बोलते, सबसे नय चलते, धर्म्म पुण्य मे चित्त देते, तीर्थों को करते क्रोध लोभ आहार को जीतते, वेद पुराण शास्त्रो को मानते न दु ख से अकुलाते न सम्पत्ति पाय बौराते, ऐसे जितने उत्तम जन सो सब ईश्वर के है भक्त, दूर ही से प्रणाम कर छोड देना।

इस भाति सदा यमराज अपने दूतो को सिखलाते पढाते रहते है। सो भी मै तुमसे कह चुका।

अब नाप मे तीन लाख चौआलिस सहस्र कोस का वह पथ है कि जिससे धर्म्मराज के लोक मे लोग है जाते, और उस मार्ग मे जो जो अद्भुत मुझको देखने मे आया है सो सब वर्णन कर सुनाता हू। पहिले तो विस बाट मे कुछ दूर तक जहा देखो तहा महा दुखदायक आग लग रही और कही तो अति अन्धकार हो रहा है, और कोई ठाव बडे-बडे चोखे चोखे काण्टो से छाए हुए ऐसे पर्व्वत मिलते है कि जिनपर चढने से दारुण पीडा होती है। कही देखो तो लोहो की खूटी व सूई सब गाडी हुई है तिस पर ऊँचे सो अति अन्धकार हो रहा है। थोडी दूर आगे उसके कितने एक कोस तक बालू है धीपता, वो बहुत स्थान मे निपट पाला है परता, कि जिनके हेलने से महा एक आफत आन पहुचती है, तहा कठिन कठोर क्रूर निर्दयी यमदूत सब सीकरो से बाध पापियो को लिये फिराते, वो लोहो की लाठी आदि नाना प्रकार के शस्त्रो से मार मार भुरकुस कर डालते है, वो बार बार करुणा करते सब रोते है, पर बिना धर्म्म कुछ त्राण नही पाते। नासिकेत मुनि ऋषियो से कहते है, उन अधर्म्मियो के लिए बना कि जो ब्राह्मण वो पशु पक्षी को बधते, गुरु स्वामी को निन्दते, बालक वृद्ध, स्त्री, अनाथ, पथिक, इनका धन हरते, वो महा पाप कर छिपाए रहते, विष दे ब्राह्मणो को मारते, वो व्यर्थ सगरे दिन हाहा भूत हो फिरे फिरते है, उस दारुण पथ मे अन्न पानी को तरसते वो नाना गञ्जन भोगते। और भी बहुतेरे पातकियो को मैने देखा कि जिनको क्रुद्ध हो हो दूत सब बार बार डाहते मारते धमकाते वो कहते है कि अवही हुआ क्या जो जो सकट आगे आवेगे सो देखोगे। मनुष्य का उत्तम जन्म पाय तुमने तृण जल भी न किसी को दिया कि जो अति सुलभ वो सहज मे है मिलता। क्या यमलोक के कठिन बात को नही सुना था कि जहा पापियो को मरन योग आ लगता है।

कवित्त

नरक बिनासी सुख के रासी हरि चरित्र नहिं गाए।
क्रोध लोभ को नीच सग कर कहो कौन फल पाए।।
त्यजि आचार महा मद माते हृदय च्येत में ल्याए।
आतुर ह्वै नारिन के पीछे मानुष जनम गंवाए।।

और न तो कदही तीर्थ व्रत किए, न कोई ग्रहण समय मे गौ भूमि, सोना, रूपा आदि दान कुछ दिया। अब बिना पुण्य धर्म्म के निपट भयावन यह नरक समुद्र को क्योकर पार होना चाहते हो। सो वैशम्पायन मुनि राजा जनमेजय से कहते है —

इतनी कथा जब नासिकेत ने सुनाई तब तो ऋषियो ने पूछा कि महाराज ! अति दु ख-दायक यमलोक के पथ मे किस प्रकार से जाना पडता है वो कौन (कर्म्म करके) वहा से है छूटते, सो अब कृपा कर वर्णन करो कि जिससे हमारे मन का सन्देह जाय, वो मगन हो तुम्हारे जस को जा गावें।

वे बोले ससार सागर मे जितने प्राणी है सो सब मृत्यु के बश हो स्त्री आदि कुल परिवार और अन्न धन लक्ष्मी इन समेत देह को त्याग प्रेत रूप हो बिना सग साथी के अकेले ही बिस बाट मे जाते है। तिनमे जो तो पुण्यात्मा लोग है सो अपने धर्म्म के बल से महा दारुण मार्ग को सहज मे पार हो देवता का रूप पाय धर्म्मराज की पुरी मे ऋषियो के साथ उत्तम उत्तम भोग है करते।

और जो तो है पातकी सोई है अटकते वो नाना दु ख को सहते, तिस पन्थ मे एक से एक महाभयावन बहुतेरे स्थान मैने देखे, पर आठ तो निपट डरावन है कि जिनमे पहिले बडे बडे कॉटो के वृक्षो से भरा हुआ चार सौ कोस का एक ऐसा है कि जहा दूर ही से अति हाहाकार शब्द सुनने मे आता है, वो महा महा दु ख से पापीजन वहा से है निकलते। दूसरा आठ सहस्र कोस का तप्त बालुका कि बिना पनही दान के विसको पार होना कोई चाहे तो नही हो सकता है। तीस चालीस सहस्र कोस तक जहा देखो तहा निपट चोखे चोखे आरे सब उतान गडे हुए है। तिस स्थान मे शय्या के दानी सुख से है जाते वो पापियो को मरण योग आन लगता है।

विसमे बहुत दूर तक चारो ओर बडी आग लग रही है। जो तो बावली तलाव कूप है खानते वो देवतो के मन्दिर बनाते सोई विसको सहज मे तर जाते है।

पाचवा एक सहस्र दस कोस का महाअन्धकार बन है कि जिसको कालरात्रि लोग कहते है, दीपदानियो को पार होता है सहज में।

छठवा वैसे ही कई एक कोसो कोस तक अति अन्धकार महानिशा नाम स्थान है कि जहा बडे बडे बाघ सिह, हुण्डार, कुत्ते, बीछू, साप वो ककड पाथर से मरे है, तिस पर काली घटा सदा छाई ही रहती है, तिस स्थान को वे पुण्यात्मा लोग क्षण मे पार हो जाते है कि जो बिधि से प्रेतो को अन्न व बिप्रो को हाथी घोडे गौ, दान देते वो तीर्थों मे देवता पितर को सतुष्ट करते है।

सातवा निपट गभीर जल से भरा हुआ बत्तीस सहस्र कोश का कि जिसको भूमि के दानी सब सुख से तर जाते है।

आठवा बीस सहस्र कोश तक महा भयावन रौद्र हो रहा है कि जहाँ नाना प्रकार के दान से धर्म्मिष्ठ लोग सहज मे निकल जाते वो पापी सब है अटकते।

नासिकेत ऋषियो से कहते है—इस इस भाति से प्राणी सब मर मर के यहा से तीन लाख चौआलिस सहस्र के अन्त मे जब जा पहुचते है तब यमराज के द्वार पर पीप लोहू से भरी, वो साप कीडो से आकुल पापी जन को महाभयावनी चार सौ कोश की बैतरणी नाम नदी आ मिलती है। जो नर काली गौ व अन्न है देते, गगा सागर सगम आदि तीर्थों मे नहाते सज्जनो से सग करते, सदा दान धर्म्म मे लगे रहते है सो तो क्षण मे गौ की पूछ पकड़ इसको पार हो निर्मल शरीर पाय सुन्दर रथ पर चढ परम पद को पहुचते है।

इस भाति से पुण्यात्मा लोग सुख से वो पापी सब नाना गंजन से जाते है। तैसे ही यम के दूत कि जो प्राणी जिस जोग है तिसको बिसी प्रकार से धर्मराज के लोक मे ले जाते है। और जो देखा सुना है सो मै अब कहता हू।

सोना, रुपया, औ पटम्बर बस्त्र, दूध, घी, अन्न, जल जो इहा है देते सो सब वहा पावते है। इसलिये सदा धर्म्म करना कि जिससे ससार मे जस व परलोक मे सुख होय। और विमानो पर चढ धर्म्मिष्ठ लोग वह सुन्दर पथ से यमपथ से यमपुर मे सिधारते है कि जहा अति निर्मल जल से भरे हुए अनेक बावरी, तलाब, वो नाना भाति के फूले फले वृक्ष, खाने पीने को एक से एक बस्तु मिलती है। नासिकेत ऋषियो से कहते है, और जो अद्भुत मैने देखा सो सुनो।

यम की सभा मे कि जहा मुनियो के बीच मे धर्म्मराज तारन मे चन्द्रमा समान शोभते है, हमारे रहते ही महातेजस्वी नारद मुनि आन पहुचे। दूर से देखते ही वे उठ खडे भए वो प्रणाम कर सुन्दर आसन दे बैठाय हाथ पाव धोला कुशलक्षेम पूछ कहने लगे "महाराज! आज हम निपट कृतार्थ हुए। और आप के आगमन से जाना कि ईश्वर मुझसे बहुत सतुष्ट है"।

यम की इतनी बातें सुनि क्षण एक चुप होकर बोले "धर्म्म अधर्म्म विचारने को आप भगवान ने तुमको यहा रक्खा है। वो तीनो लोक मे जितने दैत्य राक्षस मनुष्य देवता है सो सब तुम्हारे बश मे है। देखने को मै आया हू कि किस प्रकार से प्राणियो के पुण्य पाप को विचारते हो सो हमको सुनावो।

नासिकेत कहते है कि इतने ही मे भाति भाति के बाजन समेत, अति मनोहर सहस्रन बिमान, कि जिनके साथ उत्तम उत्तम बस्त्र भूषण पहिरे, वो हाथन मे छत्र चामर बीणा बेनु लिये, नाना प्रकार के गीत गाती हुई एक से एक सुन्दरी अनेक अप्सरो और सबो के आगे ऐरावत पर चढे इन्द्र वहा आन पहुचे।

दूर ही से हाथी घोडे रथ का शब्द बडा सुनि वो उनके दर्शन से जितने पातकी है सो सब नरक से छूट स्वर्ग मे चले जाते है।

यह समाचार पाय ऋषियो के सहित झट यमराज चम्पत हो गए। दूत सब भी मारे डर से जहा तहा उठ भागे। जब विमान आगे बढ गया तब ऋषियो को साथ लिये यम फिर अपनी सभा मे जा बैठे।

बहुत चकित हो नारद मुनि पूछने कि पराक्रम मे तो देखते है विष्णु समान हो और बडे बडे दैत्य दानव यक्ष राक्षस आगे खडे ही है। निपट आश्चर्य मुझको लाग कि कौन सा भय हुआ कि जिससे इतना शीघ्र तुम भागे।"

नारद का बचन सुनि यम ने उत्तर दिया, "महाराज! है तो यह निपट गोप्य पर मै तुमसे कहूगा"।

नारद मुनि वो धर्म्मराज की ऐसी बात चीत होती ही है कि दूत सब सभा मे आन पहुचे के हाथ जोर यम से कहने लगे "धर्म्मावतार! अब कौन काम करने को हमे आज्ञा होती है सो कहिए"।

इतना बचन सुनि उनने उनसे कहा कि "दया धर्म्म त्याग जो अधम जिस जिस पाप में सदा गडे रहते हैं तिनको वैसे ही दुखदे सङ्कट मे जा डालो"।

प्रभु की आज्ञा पाय महाक्रुद्ध हो दूत सब खड्ग बरछा, मुगरे लाठी आदि नाना शस्त्रो से जो पातकी जिस योग थे तिनको वैसे ही मारने पीटने लगे, वो घसीट घसीट अति दुखदायक बाघ सिंह हुडार, कुत्ते कि जिनके निपट डरावन दात है, वो बीछू कीडो से जहा देखो तहा भरी हुई बैतरणी मे लगे डालने कि जहा पीप लोहू के महा भयावन भौरे घूम रहे है।

इस प्रकार जो नर गौ, ब्राह्मण, माता, गुरु का बध वो विश्वासघात करै, वो स्वामी मित्र से विरोध करते, जात पात से निकल अच्छा वेष बना झूठ ही ज्ञान भाषते फिरते वो पतिव्रता स्त्री को त्यागते रुक्ष हो सबसे बोलते है, सो नर बहुत दिन तक बैतरणी मे कि जहा क्षण भर भी कोई किसी की रक्षा करने नही सकता डाले जाते है।

नासिकेत कहते है कि ऐसी आज्ञा कर यमराज जब सुचित भए तब नारद मुनि ने फिर उनसे पूछा कि किस कारण से तुम इहा से भाग गए सो मुझसे कहो।

धर्म्मराज बोले "आगे त्रेता युग मे योग तप मे मगन, सदा अश्वमेध यज्ञ करने वाले क्रोध-लोभ इन्द्रियो को जीते हुए, फुलवारी को माली सा प्रजा के पालनिहार ऐसा प्रतापी राजा जनक था कि जिसको आपसे आप अपना गुण औषधी सब बताती थी, उसके राज्य मे अमृत समान स्वाद फल वृक्ष फलते, बहुत दूध गौ देती, ढेर दिन तक लोग जीते थे, वो कदही किसी को कुछ रोग ब्याधि चिन्ता नही होती, तिसकी महा पतिव्रता व तपस्विनी सब गुण भरी सत्यवती नाम स्त्री कि जिसको इन्द्र आदि देवता सब आगे से ल्याने को आए थे। अप्सरो के साथ विमान पर चढ अमरावती को गई है, उसी को देख कर हम इहा से भागे, क्योकि जो इन्द्रियो को जीतते है, वो गुरु गोविन्द की भक्ति करते, अतिथि अभ्यागत को पूजते, तिनको दण्ड देने के हम बली नही। और भी उनके तेज से डरते है। यही हमारे भागने का कारण है।

वैशम्पायन मुनि राजा जनमेजय से कहते है कि चित्रगुप्त सहित यमलोक का यह समाचार नासिकेत जब कह चुके तब ऋषि लोग सुनके बहुत चकित भए, वो बार बार प्रणाम स्तुति कर उनसे विदा हो अपने अपने आश्रम पर जा परलोक मे स्थान पाने को और भी तप से अधिक जप पूजा ध्यान मे लगे।

इति श्री नासिकेतोपाख्यानम् समाप्तम।

रामचरित

अथवा

अध्यात्मरामायण

श्रीगणेशायनम सिंधु सुता मुख चन्द्र ० चकोर (,) जा लग सिद्धि रहे कर जोर (।) विचित्र ० रूप होए विघन विदारे (,) प्रतिपालक सोहेव ० हमारे (।) १ जगमग जोति जासु तन ल से (,) ० सत जनन के मानस वने (।) आनद रूप गज। (-) ० नन वडे (,) भक्तन काज रहत जो खडे (।) २ नृ (-) ० पति वीर जब ते तु भए (,) होत सिगार जगत ० को नये (।) फूल उठी वसुधा हरषानी (,) धन धा (-) ० न्यन ते अति अकुलानी (।) ३ घर-घर मगल (-) ० चार घनेरे (,) रग औ राग करहि बहुतेरे (।) सुचि (-) ० त होय नर करे कलो ले (,) मणिभूषण पहरे अ (-) ० नमोल्ले (।) ४ रण आगन पगु देत तुम्हारे (,) इद्र (-) ० हु हो पर त्राहि पुकारे (।) थर थर काप उठे दिग ० पाल (,) निज शस्त्रन धरनी महि डाल (।) ५ ०

अब इस पोथी के भाषा करने का कारण यि (-) ० ह[1] है कि मैं जो सदलमिश्र पडित हू (,) मुज को ० पाठशाला मे (,) जो साहब लोगो के लिये कल ० कत्ता मे हूई (,) सस्कृत की पोथिया भाषा करने ० को महा उदार सकल गुण निधान मिस्तर ० जान गिल्क्रस्त साहब ने ठहराया औ एक ० दिन आज्ञा की कि आध्यात्म रामायण को ० ऐसी वोली मे करो जीसमे फारसी आरवी ० न आवे (।) तव मैं इसको खडी वोली मे करने ल (-) ० गा औ सम्वत् १८६२ मे नो आव[2] गवरन (-) ० न[3] वरजली लार्ड मारटग साहबबहादुर ० के राज्य मे इस पोथी को समाप्त किया ओ ० नाम इसका राम चरित्र रष्या[4] पर जहा क (-) ० हीं[5] कठिन वेदान्त था मैंने देषा कि इसकी ० भाषा सब कोई समझ न शकेगा इस कारण ० वुसे छोड दिया अव गुण वानो से यिह भरो (-) सा[6] है कि इस पोथी के वीच जिस जगह ऊच ० नीच देखे तो कृपा कर वुस दोष को छिपावे ० ओ अशुद्ध को शोधे अथ कथारम्भ 8 किसी समय वदरिकाश्रम मे शौनक आदि ० ऋषियो ने सूत से पूछा कृपा निधान अव ० कुछ विशेष हरि का यश आप हमे सुनाइ (-) ० ए तव वे लगे कहने कि एक वेर नारद योगी ० पर उपकार के लिये तिगरे लोक फिरते फी (-) ० रते मत्य लोक मे जा पहुचे तो वहा देषा कि ० मूरति धारण किये चारो दिश वेद खडे है ० अरु प्रात काल के सूर्य का ऐसा वर्ण ओ ० भक्तन को मन भावत फलदायक सकल ० शास्त्र का सार जान निहार जगत का नाथ व्र (-) ० ह्मा सरस्वती को साथ ले वीच सभा मे वैठा है ० ओ मारकण्डे यादि मनि वारवार उसकी वडा (-) ० ई कर रहे है (।) तद दूर से देषते ही नारद ने दण्ड (-) ० वत किया ओ भक्ति से स्तुति कर हाथ जोड ० विस के आगे जा पडे भये कि इतने मे अति ० हर्षित हो मुस्कुरा के व्रह्मा बोल उठा ए योगी ० तू क्या पूछा चाहता है मुह षोल के कह (,) प्रस (-) ० न्न होए सव मैं तुझे वताऊगा। इस भाति वि (-) ० धाता की आज्ञा पाय उन्ने कहा महाराज ० भलावुरा सव मैं तुम से सुन चूका पर एक ही ० रह गया है सो आप दआ[7] कर समझाइए ० कि घोर कलियुग के आते ही नेम धर्म आचा (-) ० रसत्य वचन तज पर द्रव्य पर स्त्री हरने को ओ ० एक को एक झूठ कलक लगाने को दिन रा (-) ० त लोग उपस्थित होगे ओ महा नास्तिक ० कि जिन की पशुन

---

१. यह। २. नवाब। ३ र, गवरनर। ४. रक्खा। ५. कहीं। ६. भरोसा। ७. दया।

की सी बुद्धि (,) माता पिता के ० द्रोही (,) ० काम के दास (,) स्त्रीन[1] को देवता सम माने (-) गे (,) तिनमे ब्राह्मण लोग तो ऐसे लोभी होगे ० कि धन अर्ज्जन के लिये विद्या पढ वेद विक्र (-) य कर दिन काटेगे अनु[2] अपनी जाति का क (-) ० र्म छोड वहुधा ओरो को ठगते फीरेगे (।) क्षत्री ० वैश्य भी निज धर्म त्याग सदा कुमारग चले (-) ० गे अरु जितने शूद्र है सो ब्राह्मण का आचा (-) ० र करेगे (।) नारीन के चरित्र सुनिये तो शास ० शसुर की वैरी हो स्वामी को दुख देगी (।) इन्ह ० नष्ट वुद्वियो को कि स प्रकार परलोक होगा ० इसी चिन्ता से मेरा जी बहुत अकुला रहा है ० तिस्से दीन दयाल ऐसा कोई थोडा ही सा उ (-) ० पाय वताइये कि जिस से ये परमगति पावे ० क्यू कि आप सब ही कुछ जानते हो (।) ऋषि ० के इतने वचन सुन व्रह्मा वोले नारद अछी (-) ० वात तुमने पूछी सावधान हो सुनो (।) मै कहता ० हू कि भक्त वत्सल महादेव से पारवती ने एक ० वेर यो विनती की जो नाथ दयाकर रामचरित्र ० मुज को सुनाओ (।) तद नेह वश होए पुराण का ० कहा हुआ अध्यात्म रामायण आप शिव ने दे (-) ० वी को कह सुनाया त[3] से विसको पाय अति ० प्रेम से पूज नित (-) तन देष अव तलक भी भवानी ० आनन्द मे मगन रहती है (।) सोई जव प्राणीन ० के भाग से ससार मे प्रसिद्व होगा तद विसके ० पढने ही से लोग सद्गति को पहुचेगे (।) तभी त (-) ० क पाप गरजा करेगा (,) निडर हो क्रूर यम के दू (-) त लोक मे जायेगे (,) ईश्वर ठहरावने के लिये आ (-) ० पस मे शास्त्रन को महा झगरा झझट रहे (-) ० गा वरन ज्ञानी लोगो को भी रामरूप का बोध ० न होगा (।) सुनने सुनाये का विसका जो गुण ० है सो सव कहने का मुज मे सामर्थ्य नही पर ० तो भी शिव का कहा हूआ कुछ एक महातम व (-) ० रनन करता हू कि रामायन का आधा श्लोक ० क[4] एक जो कोई भक्ति से पढता है सो तत क्ष (-) ० ण सव पाप से छूटता है ओ यथा शक्ति नि (-) त जो चित दे उसका पाठ करे सो ससार मे जी (-) ० वन मुक्त कहावे अरु जो मनुष्य आलस छो (-) ० ड अध्यात्म रामायन को पूजे (,) निकट जा नम (-) ० स्कार करे राम के भक्तन को लिख दे (,) एकादशी ० अरु रामनवमी के दिन उन के घर जा सुने सु (-) ० नावे (,) तिसे दिन दिन अश्वमेध करने का (,) स (-) ० कल देवता पूजने का (,) सब वेद शास्त्र पढने पढा (-) ० वने का (,) अक्षर अक्षर उत्तम तीर्थो मे सरव ग्रा (-) ० स सूर्य्य ग्रहण समय व्यास आदि श्रेष्ठ व्रा (-) ० ह्मणो को अपने तुल्य धन दान करने का ० सहस[5] मे फल मिलता है (।) इस प्रकार ओर भी ० रामायण का महत्व सदा शिव ने कहा है कि ० दिन रात जो उस को गावता है विसकी आज्ञा ० इन्द्रादि देवता सब चाहते है अरु विसे पढके जो (-) जो पुण्य काज किया जाता है सो (-) सो कोटि गुण ० होता है (,) तिसमे राम हृदय स्तोत्र जो जीव[6] लगा (-) य पढे सो व्राह्मण वध भी किया होए तो भी ती (-) ० न दिन मे पवित्र होवे अरु जो नर हनुमान ० की प्रतिमा के निकट मौन साध मन मे नित ० तीन वेर पाठ करता है उसका सकल मनो (-) ० रथ पूजता है ओ जो पढता हूआ तुलशी पी (-) ० पल की प्रदक्षिणा करता है वह ब्रह्म हत्या से ०

---

१. स्त्रियो को। २. अरु। ३. तब। ४. अथवा। ५. सहज। ६. जी।

छूटता है अरु राम गीता का महातम सब तो ० शकर जानते है ओ आधा पारवती विस(-) ०
का आधा मै जानता हू (,) सो भी थोडा सा मुज ० से सुन लो कि जिस्से तुरन्त ही लोगो के चित्त ०
शुद्ध हो जाए (।) ऐसे कह ब्रह्मा लगे वषानने कि ० हे नारद सिगरे मैं षोजता फीरता हू पर
जै(-) ० सा राम गीता पाप नाशनी है वैसा दूसरे कि(-) ० मी को मैं नही देखता इस कारण वेद
समुद्र से ० मथ निकाल हर्षित हो लक्ष्मण को रामचद्र ० की दी हूई राम गीता जो सज्जन मन
दे सुनता(-) ० सुनवाता है सो कृता हो विराजता है जैसा का(-) ० र्त्तवीर्य को वधने की इछा
कर धनुषविद्या ० शिषने के लिये महेश के निकट वस[1] उस रा(-) ० म गीता को पढ सुन कि जो
पारवती पाठ क(-) ० रती है परशुराम ईश्वर स्वरूप हो गया तिस ० से ब्रह्म हत्यादिक पाप से
जो नर निकाश[2] चा ० हते है वे एक मास उस गीता का पाठ कर आ (-) ० नन्द हो गाजे अरु
निषिद्ध प्रतिग्रह भोजन ० कुवाच्य इनसे जो पातक होता है विसको ० राम गीता ही कीर्त्तने से
नाशती है ओ शा (-) ० लग्राम तुलशी पीपल अरु यती लोगो के ० निकट जो मनुष्य विसे
पढते है तिन्ह को व (-) ० ह फल मीलता है कि जिसका कुछ वषान ही[3] ० कि[4] जाता ओ ब्राह्मण
जेमावते[5] भक्ति से राम गीता का जो उच्चारण करते है तिन्ह के पितर ० विष्णु धाम को जाते
है (,) तिन मे विशेष एकाद (-) ० शी व्रत रह (,) द्वादशी के दिन नेम आचार से पी (-) ०
पर तले जा गीता जो पाठ करते है वे राम रूप हो ० जाते है अरु देवता सव उन्हे पूजते है ओ य(-) ०
हा तक महातम है कि विना ज्ञान ध्यान तीर (-) ० थ स्नान राम गीता पढने से अनन्त फल हो
ता है इस प्रकार वहुत कहा तक महातम वर ० नन करू(।) तत्र मत्र श्रुति स्मृति पुराण ये जि ०
तने है सो अध्यात्म रामायन की सोरहवी क[6] (-) ० ला को भी नही पा शक्ते है (।) शौनक
आदि ० ऋषि से सूत कहता हे कि विसकी महिमा ० जो प्रजापति ने नारद को सुनाया जो मनु ०
ष्य सुने सुनावे सो वैकुण्ठ मे जा देवतान से ० पूज्य होवे ० इति श्री राम चरित्रे वाल काण्डे ०
प्रथमोध्याय १ फिर ब्रह्मा वोले विस आवि (-) ० नाशी चेतन रूप सीता(-)पति को वार वार
मैं प्र (-) ० णाम करता हू कि जो पृथ्वी का भार उतारने के अर्थ देवतान की विनती से निर्मल
रविकु (-) ० ल मे जन्म ले राक्षसन को वध[7] (,) धरती को सुख ० दे सकल पाप हरनहारी
अटल कीरत वढा (-) ० य फिर पानी मे पानी सा ब्रह्म माह जा मिल ग(-) ० ये अरु जो
ससार की उत्पत्ति स्थिति प्रलय ० के हेतु है औ देषने मे सच माया मोह मे पडे है ० पर
विचारिये तो विन से दूर है अरु जो आ (-) ० नन्द मूर्ति जोति स्वरूप है (।) ब्रह्म ज्ञान भरी हू
(-) ० ई इस पोथी को जो मनुष्य एक चित्त हो सु (-) ० ने सुनावे वह सब पाप से छूट विसी
हरि मे मिल जाता है (।) इस्से भवबन्धन ते मुक्ति ओ ० विन की ये कोटिन गौ दान का फल जो
नरचा (-) ० हते है तिन्हे उचित है कि नित नित अध्यात्म ० रामायन को पाठ करे ओ सुने
क्यूकि शिव प(-) ० हाड से निकल राम समुद्र मे मील रामायन रू(-) ० प यह गगा तीनो लोक
पवित्र करती है ओ म(-) ० न वाछित फल देती (।) इस भाति महिमा वरन(-) ० न कर

---

१. रहकर। २. छुटकारा। ३. 'नहीं' होना चाहिए। ४. किया। ५ ब्राह्मण-भोजन कराते हुए। ६. सोरहवीं=सोलहवीं। ७. का वध करके।

पुनि ब्रह्मा एक ओर से महादेव पार्वती ० का सवाद नारद जी से कहने लगे (—) इस रीति से ० कि एक वेर कैलाश के उपर जौ सैकरन सू(-) ० र्य की ज्योति सा उद्योत है (,) अछे सोहावने सु(-) ० वर्ण के मन्दिर मे रतन की चौकी पर ध्यान लगा (-) ० य बैठे हूऐ सदाशिव से (,) जो सकल पापहरन हा (-) ० रे ओ जिन्हे सिद्ध लोग से रहे है (,) वायी जाघ पै ० बैठ भक्ति से शिर झुकाय देवी ने आनन्द ० कन्द यह वचन कहा (—) हे परमेश्वर अन्तर या(-) ० मी दया कर राम का वृत्तान्त मुजे सुनाइऐ (,) ० मै इसलिये आपसे पूछती हू कि उनका चरि(-) ० त्र अरु तुम दोनो सनातन हौ (।) जो के[1] यह भेद दू(-) ० सरे किसी को वतावने योग्य नही पर महानुभा(-) ० व लोग अपने भक्तन से कोई वात नहि छि(-) ० पाते तिस से आप मेरे स्वामी हैं ओ मै तुम्हा(-) ० री सेवक हू इस्से मुझे समझाय के कहिये (।) यो ० तो आपके कहे हूऐ वैराग्य सहित ज्ञान विज्ञा(-) ० न भक्ति स्त्री हो के मै भी बहुतेरे जानती हू प(-) ० र जिस से तुरत ही ससार सागर तरिये सो मैं सुना चाहती हू अरु सच पूछिये तो भव समु ० द्र पार होने के लिये जिस विन[2] दूसरा कोई उ (-) ० पाय है नहि सो दृढ भक्ति तो तुम्हारी सी मुझ ० को भी रामचन्द्र मे प्रसिद्ध है पै मेरे जी मे एक ० शका आ लगी है विसे निर्मल कथा कह आप मिटाइऐ (।) सो यह है कि कितने लो(-) ० ग तो कहते है जो श्री रघुनाथ जी सब के आ ० दि परब्रह्म अरु सकल माया से अलग है ० इसी लिये सिद्ध जन मन लगाय दिन रात वि(-) ० न का भजन करते है कि जिस के प्रताप से परम० पद को जाते है ओ वहुतेरे यो वक्ते[3] है कि यद्य(-) ० पि ब्रह्म हैं पर निज अज्ञान से अन्धे हो वे भी आपसे अपने को नही पहचान शके क्युकि ० ओरो के समझाने से अपने को चेता[4] ओ ० जो जानते तो कहो ब्रह्म कहा कर सीता के लि(-) ० ये वीच वन मे मनुष्य से क्यू रोते कलपते फि(-) ० रे तिस्से विन ज्ञान की सेवा किये कोई नही ग (-) ० ति मुक्ति पाता (।) सव जीव जन्तु के समान एक ० वह भी कोई प्राणी है इस का उत्तर आप ने ० क्या ठहराया है सो शीघ्र कहिए जो मेरे मन ० का सन्देह जाये (।) उमा की इतनी वाते सुन अ(-) ० ति हर्षित हो महादेव बोले (—) हे पारवती धन्य हो (,) वडी भक्त हो कि जो राम का चरित्र जाना ० चाहती हो तिस्से यह भेद जो आगे किसी ने मु(-) ० ज से नही पूछा तुम्हारी भक्ति वश हो राम को ० प्रणाम कर अब मै कहता हू कि श्री रघुनाथ स(-) ० दा माया से निर्लेग है ओ सव के आदि आन(-) ० द कन्द एक पूरण ब्रह्म है (,) निज माया से चर अ(-) ० चर रूप सारा यह ससार रच वाहर भीतर आ(-) ० काश से सव मे व्याप रहे है अरु घट घट वे ही वो(-) ० लते है पै गुप्त हो जगत को माया से भरमा रहे ० है (।) जो मूढ यह भेद नही जानते वे ही अन्धे है ० क्यूकि अपनी सी अज्ञानता माया हीन चेत(-) ० न रूप परमात्मा मे ठहराते है (।) इसी अपराध ० से लडके वालो के मोह मे अनेक काज मे ल(-) ० पिटाय ससार मे फसते है ओ निज हृदय ० स्थित सीता पति को ऐसे भूल जाते है कि जै ० (-) से अपने गले का सोना कोई भूल जावे (।) यो क(-) ० ह फिर महेश कहने लगे (—) हे देवी जैसे जोतिस रूप सूर्य मे अधेरा नही वैसे ही स्फटिक से ० निर्मल ज्ञान रूप परमात्मा रघुनायक मे अ(-) ० ज्ञानता नही है पै

१. यद्यपि। २. जिसके विना। ३. बकते। ४. जान पाये।

जैसे घूमनिहारो के लेखे[1] ० घर द्वार भी घूमता है वैसे देह इन्द्रिय सृजने ० वाले ईश्वर को माया वश होए अपने समा(-) ० न लोग गणते है तिस्से सदा प्रकाश रूप सू(-) ० र्य को जैसा न तो कभी दिन होता न रात तैसे ० ही आनन्द विज्ञान सरूप परमेश्वर जो रा (-) ० मचन्द्र है तिनमे माया मोह का कुछ लेश भी ० नही है (।) ब्रह्मा कहता है नारद मुनि से कि इस ० भाति सम झाकर जव देषा कि अव भी पार(-) ० वती का सन्देह गया नही तव सदा शिव फि(-) ० र वोले (—) हे भवानी इस प्रसग पर सीता राम ० हनुमान इन्ह तीनो का सवाद जो अति दु(-) ० र्लभ है ओ ससार सागर पार उतारन हा(-) ० रा—है सुनौ मै कहता हू कि अगले रामा ० यन मे कथा है कि देवताओ के कटक राव(-) ० ण को अरु पुत्र वाहन सहित विसकी सेना ० को रण मे मार सीता को ले सुग्रीव लक्ष्मण ० के साथ हो हनुमान आदि वीरो को आगे क(-) ० र अवधपुरी मे आय वसिष्ठादिक वडे वडे ० ऋषिन से राज्य का तिलक पाय सिहासन प(-) ० र बैठ रामचन्द्र ने अपने निकट एक वेर देषा ० कि भारी भारी सव काज कर हनुमान जी हा(-) ० थ जोडे षडे है पै ज्ञान विन[2] और कुछ नही ० मुज से चाहते (।) तव सीता से यह वचन कहा ० कि हनुमान को तुम मेरा सव भेद वता दो ० क्यूकि नित उठ हम दोनो की वडी भक्ति क(-) ० रते है इसलिये ज्ञान के योग्य है (।) प्रभु की इ (-) ० तनी आज्ञा पाय अति हर्षित हो सीता ल(-) ० गी कहने (—) हे पवन कुमार श्री रामचन्द्र को व (-) ० ह पूरण व्रह्म समझो कि जिसको कुछ रूप (-) ० रेष नही औ जो आदि अखण्ड एक अवि (-) ० नाशी आनन्द कन्द सकल घट वासी है औ ० सदा जागता रूप अरु जो शान्त निर्मल जो ० ति से आप से आप प्रकाश हो रहे है अरु जि ० न मे ससार की वासना नही (,) सदा चेतन सरू (-) ० प है ओ मुझे जगत की उत्पत्ति पालन प्रल(-) ० य करन हारी आदि माया जानो (।) विस व्रह्म ० के सग होने ही से सारा जगत मै उपजाती ० हू ओ चर अचर नाना रूप हो ससार का सक(-) ० ल काज मै ही करती हू तिस्से अयोध्या नग(-) ० र माह निर्मल रघुकुल मे जनम(,) विश्वामि(-) ० त्र का सहाय हो विस के यज्ञ की रक्षा (,) श्राप ० से अहल्या को मुक्त (,) शिव धनुष का भग(,) मुजे व्याह परशुराम के अहकार का विना(-) ० श (,) वारह वर्ष अवध मे वस तिस पीछे दण्ड ० कारण्य मे जा विराध का वध(,) माया रूपी मा (-) ० रीच नाम राक्षस का क्षय (,) छाया सीता का नि(-) ० र्माण(,) जटायु को मुक्त(,) कवन्धा सुर का विना(-) ० श (।) शवरी से पूजाय सुग्रीव से मिल वाली का ० वध(,) मेरा षोज(,) समुद्र मे सेतु वध(,) लका पुरी ० को घेर रण मे पुत्र सहित रावण का क्षय(,) वि(-) ० भीषण को राज्य दान (,) मुझे ले पुष्पक नाम ० विमान पर चढ अवधपुर मे आगमन ति(-) ० स पीछे राज्य का तिलक (—) ये जितने काज है सो ० सव मैने ही किये है (।) अज्ञानी लोग झुठ मुठ राम को लगाते है क्यूकि ये तो अचल आ(-) ० नन्द मूरति निराकार व्रह्म है कि जो न तो कु(-) ० छ चाहते न तजते न कोई काज करते है ० ओ न किसी के बाप है न बेटा(,) माया से अधे ० हूऐ लोगन को मनुष्य से लगते है ० इति ० श्री रामचरित्रे वाल काण्डे द्वितीयोध्याय (।) ० इस भाति वुझा समझा

---

१. घूमनेवालो के लिए। २. के अतिरिक्त।

